जयपुर

माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 15 ❖ अंक 11 ❖ अप्रेल 2025 ❖ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति

तीर्थयात्रा विशेषांक

64 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...

माहेश्वरी चाय

आपके कप की चाय

स्थापित-1961

ताजगी व सुगंध का उम्दा मिश्रण

'माहेश्वरी चाय' जो दे आपको एक बेहतरीन स्वाद और ताजगी भरा चाय का प्याला...

आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय

माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि. जयपुर

फोन : 0141 - 2740919, 2312723

contact@maheshwaritea.com | www.maheshwaritea.com

Follow Us : www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

SIDDHI

वर्ष 15 | अंक 11 | अप्रेल, 2025
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100

जयपुर
माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

परामर्श मंडल
बृजमोहन बाहेती
विमलकिशोर सारड़ा
अखिल माहेश्वरी (शकुन ग्रुप)
सत्यनारायण सारड़ा
प्रभा सिंघी
सूर्यप्रकाश लाहोटी
श्यामसुन्दर झंवर (लालगढ़)
राजेन्द्र गट्टाणी
सुरेन्द्र बजाज

मीडिया संयोजक
किशन राठी

सह-संपादक
संदीप कचोलिया
जयन्त बाहेती
महेश मालपानी
पंकज चिंतलांग्या (बीलवा)
श्रीलाल राठी
विष्णु बियानी
कमल पेड़ीवाल
पवन फलोड़
विमल लढ्ढा

संपादकीय टीम
कमल किशोर मूंदड़ा
रोहित केला
सुभाष तोतला
संजय भूतड़ा
विनय तोतला
लीलाधर बजाज
गगन साबू
सुनीता जैथलिया
सीमा झंवर
सुनीता पेड़ीवाल
सरिता मोहता
सुमन सामरिया
मेघा बियानी

विज्ञापन सहसंयोजक
पंकज कालानी

विज्ञापन संकलन टीम
श्यामसुन्दर मूंदड़ा
सुमित काबरा (काबरा ऑप्टिकल)
नवनीत आगीवाल
शिव मूंदड़ा
संदीप सारड़ा
बृजकिशोर सामरिया
महावीर बियानी

मनोज मूंदड़ा - महामंत्री द्वारा
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक व मुद्रक

अरूण बाहेती
प्रचार मंत्री
93141-38851

आशीष सोमानी
प्रधान संपादक
99502-17000

संजय बियाणी (नावां)
संपादक
98290-68590

संपादकीय

श्रद्धापूर्वक करें धार्मिक यात्राएं

पिछला माह बड़े ही हल्के-फुल्के अंदाज में हंसी-ठिठोली करते हुए बीता। होली में ऐसा माहौल बनना स्वाभाविक है। समाज की ओर से आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में भी समाज बंधुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। यह उत्साह और जोश हमेशा बना रहे, ऐसी कामना है।

हिंदू धर्म में तीर्थ यात्राओं का बड़ा महत्व होता है। हाल ही में महाकुंभ में जिस तरह से लोगों ने भागीदारी की, उसने एक इतिहास बना दिया। इसके अलावा चारों धाम की तीर्थ यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस तीर्थ यात्रा की तारीखें निश्चित होती हैं, अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। प्रस्तुत अंक में इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

पिछले कुछ समय से लोगों में धार्मिक स्थलों पर जाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। नई पीढ़ी भी इसमें रुचि ले रही है। यह अच्छी बात है, पर हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि यह यात्राएं पूरी श्रद्धा से करनी चाहिए किसी तरह का दिखावा नहीं होना चाहिए। धार्मिक यात्राएं हों, या किसी तरह का धर्म-कर्म, यह हमें जीवन जीना सिखाती हैं। दान-पुण्य करना सिखाती हैं। मनुष्य को इसमें पीछे नहीं हटना चाहिए।

अगले माह मदर्स डे और हास्य दिवस है। इन दोनों दिवसों की अग्रिम शुभकामनाएं।

सादर जय महेश।

संपादक

www.shubhashishhomes.com
Shubhāshish®
Marina
Born Rare
A Part of JK Jajoo Ventures
New Launch
3 BHK
Sold Out
3 BHK+S
Sold Out
4 BHK
Only Few Units Left
SHAKUN
7-Tier Security
EV Charging for Each Unit
21,000+ Trees & Plants
7413 99 55 99
Vijay Marg (Upcoming Medical Hub), Jagatpura.
Artistic Image
Shubhashish Marina
RERA Reg.No.RAJ/P/2025/3577
www.rera.rajasthan.gov.in
*T&C apply
*Crest 1

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
स्थापना वर्ष 1925

केदार मल भाला
अध्यक्ष

सेवा और समर्पण के 100 वर्ष
शताब्दी वर्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

जनहित के कामों में आगे रहने वाला समाज ही श्रेष्ठ

> मां वह है जो अन्य सभी की जगह ले सकती है लेकिन जिसकी जगह कोई और नहीं ले सकता है।

सादर जय महेश

श्रेष्ठ समाज वही कहलाता है, जो जनहित के कामों में आगे रहे। हमें गर्व है कि माहेश्वरी समाज इसमें पीछे नहीं है। समाज के अनेक भामाशाह दान व समाजसेवा में आगे रहते हैं। हाल ही में 14 अप्रैल को 'महेश यात्री निवास' का शिलान्यास किया गया। टोंक रोड़, जयपुर में बनने जा रहे इस यात्री निवास के लिए भूमि समाज के भामाशाह श्री चांदमल राठी जी द्वारा उपलब्ध कराई गई है। भवन का निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर आमजन के लिए इसकी बुकिंग आरंभ कर दी जाएगी। इस उदार कार्य के लिए समाज उनका आभार व्यक्त करता है।

हास्य सबको अच्छा लगता है, हास्य हमारी ऊर्जा को बढ़ाता है। हमें स्वस्थ रखता है। गत माह होली के अवसर पर आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने जिस तरह ठहाके लगाए, उससे लगा कि हममें अभी जीवन जीने की काफी उमंग है, जिजीविषा है, यह जिजीविषा हमेशा बनी रहनी चाहिए। अगले माह अंतर्राष्ट्रीय हास्य दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर हास्य से सम्बन्धित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि हंसना हमें बीमारियों से भी दूर रखता है। प्रस्तुत अंक में हास्य के बारे में रोचक जानकारी दी गई है। ''लाफ्टर थैरेपी'' आज विश्वभर में चलन में है। इसलिए हंसने-मुस्कराने में किसी प्रकार की कंजूसी नहीं करें।

अगले माह ही मनाए जाने वाले 'मदर्स डे' के बारे में भी प्रस्तुत अंक में एक लेख के माध्यम से परिवार में माँ की भूमिका को दर्शाया गया है।

सभी समाज बंधुओं को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं।

जय श्री कृष्णा।

माँ
जिंदगी में उसका दुलार काफ़ी है,
सर पर उसका हाथ काफ़ी है,
दूर हो या पास क्या फर्क़ पड़ता है,
उसका तो बस एहसास ही काफ़ी है।
मातृ दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
उमेश सोनी
टीम रघुकुल
9829059157
सबका साथ - समाज का विकास

स्थापना वर्ष 1925

विश्व मातृत्व दिवस, विश्व हास्य दिवस एवं अक्षय तृतीय की हार्दिक शुभकामनाएँ

सर्वतीर्थमयी माता।

अर्थात् माता में सभी तीर्थों का वास होता है। माता की सेवा से हम सभी तीर्थों का पुण्य प्राप्त कर सकते हैं, इसलिए माता को प्रथम पूज्या कहा जाता है।

भारतीय समाज में प्राचीन काल से ही मातृशक्ति की वंदना व पूजा की जाती रही है। एक बच्चे के जन्म से लेकर उसके एक अच्छा इंसान बनने तक के सभी पड़ावों में माँ की भूमिका बहुत अहम होती है। ये केवल माँ ही है जो अपने बच्चे के चरित्र निर्माण को आकार देने के साथ ही अपने बच्चे की मानसिक वृद्धि और शारीरिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक माँ अपने बच्चे का पालन पोषण करने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देती है। अपने बच्चे के लिए माँ द्वारा किए गए त्याग की गहराई को मापना असंभव है। माँ के इसी त्याग के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य ही नहीं है वरन् हमारा दायित्व भी है। हमारे जीवन में माँ के अमूल्य योगदान को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिये विभिन्न देशों में अलग-अलग दिनों में मातृ-दिवस मनाया जाता है। भारत में हर वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है।

मैं इस मातृ दिवस पर ज्ञानमयी, करुणा से परिपूर्ण, समाज को सुशिक्षित समाजसेवी देने वाली माताओं को प्रणाम करता हूँ तथा मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए बस यही चाहता हूँ कि आप सभी माताएँ आगे भी हमारी आने वाली पीढ़ियों को संस्कारों के ज्ञान से परिपूर्ण कर उन्हें संस्कारी बनाती रहें।

नेता अखरोट से बोले किसमिस लाल, हुजूर हल कीजिये मेरा एक सवाल
मेरा एक सवाल, समझ में बात न भरती, मुर्गी अंडे के ऊपर क्यों बैठा करती
नेता ने कहा, प्रबंध शीघ्र ही करवा देंगें, मुर्गी के कमरे में एक कुर्सी डलवा देंगे।

हास्य कवि काका हाथरसी की इन पक्तियों को पढ़कर-सुनकर अनायास चेहरे पर हँसी आ जाती है और हम उस क्षण में तनाव मुक्त होकर बस हँस देते हैं। हास्य का हमारे जीवन में बहुत अभिन्न महत्त्व है। मेडिकल साइंस की भाषा में कहें तो हंसी एंडोर्फिन हार्मोन या हैप्पी हार्मोन को बढ़ाने में मदद करती है, जिसकी मदद से हमारा तनाव कम होता है और हम अच्छा महसूस करते हैं। हर साल मई के पहले रविवार को वर्ल्ड लाफ्टर डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत भारत में मुंबई में हुई थी।

इस वर्ल्ड लाफ्टर डे पर मैं आपसे बस यही कहूँगा कि जीवन में हँसी को भी अहम स्थान दें ताकि हम सभी तनाव मुक्त जीवन जी सकें।

जय महेश।

मनोज मूंदड़ा
महामंत्री

अक्षय तृतीया के बारे में मान्यता है कि इसी दिन सतयुग की शुरुआत हुई थी। इस दिन को युगादि तिथि भी कहा जाता है। इस दिन को शुभ कार्यों के लिए बहुत शुभ माना जाता है।

टीम
जय महेश
अक्षय तृतीया
हर काम पूरा हो, कोई सपना न अधूरा हो,
धन-धान्य और प्रेम से भरा हो जीवन,
घर में हो लक्ष्मी का आगमन ,
अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं
शांति लाल जागेटिया
"हम साथ साथ हैं..."

चारधाम यात्रा

यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ

चारधाम यात्रा के शुरू होते ही देव-भूमि उत्तराखंड की घाटियां और पहाड़ जीवंत हो उठते हैं। छोटी चारधाम यात्रा भारत में सबसे लोकप्रिय आध्यात्मिक यात्राओं में से एक है। हजारों लाखों श्रद्धालु अपने आराध्यो के दर्शन के लिये दूर-दूर से देव-भूमि की पवित्र धरती पर कदम रखते हैं। चारधाम का अर्थ है- चार आराध्य, और वे है यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, और बद्रीनाथ। हर साल वैदिक भजनों, मंत्रों के उच्चारण और हजारों भक्तों की उपस्थिति में मंदिरों के द्वार खुलते हैं, जो अगले छह महीनों तक भक्तो के लिये खुले रहते हैं।

चारधाम यात्रा इतनी लोकप्रिय क्यों ?

- हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति अपने जीवनकाल में एक बार चारधाम यात्रा कर ले, तो वह उन सभी पापों से मुक्त हो जाता है जो उसने अपने अतीत में किए थे और मृत्यु के बाद मोक्ष को प्राप्त होता है। यह दृढ़ विश्वास दुनिया भर के हजारों तीर्थयात्रियों को चारधाम यात्रा के लिए प्रेरित करता है।
- **दूसरा कारण है**- पहले के दिनों में, हर माता-पिता का सपना होता था की उनके बच्चे उनको तीर्थ यात्रा पर ले जाएं, और यह कहा जाता है कि अपने माता-पिता को चारधाम यात्रा पर ले जाने जितना धार्मिक रूप से पवित्र कार्य और कुछ नहीं हो सकता। इसलिए आज भी लोग अपने माता-पिता की इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए चारधाम यात्रा पर ले जाते हैं।
- **तीसरा कारण है**- ये चार तीर्थस्थल उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में हैं जो बर्फ की मोटी परत और आकर्षक वातावरण से घिरे हुए हैं।प्राकृतिक वातावरण, जड़ी-बूटियाँ और हरियाली सभी को रोग-मुक्त बनाती हैं; और इस जगह पर ध्यान लगाने से जीवन लंबा होता है। यही कारण था, कि हमारे प्राचीन ऋषि (ऋषि-मुनि) सैकड़ों वर्षों तक जीवित रहे।

कैसे तय होती हैं चारधाम के उद्घाटन और समापन की तिथि

मूल चारधाम के विपरीत, छोटा चार धाम उत्तराखंड की पहाड़ियों के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित है। सर्दियों में सभी धामों में भारी बर्फ बारी होती है जो जगह को और दुर्गम बना देती है। इसलिये प्रत्येक धाम के निर्धारित तिथि पर, धाम के कपाट बंद कर दिये जाते हैं। हर साल चारधाम यात्रा की शुरुआती तिथि पुजारी शुभ अवसरों पर तय करते हैं। जैसे केदारनाथ धाम की उद्घाटन तिथि महाशिवरात्रि पर तय होती है, बद्रीनाथ धाम के खुलने की तारीखें बसंत पंचमी, और गंगोत्री-यमुनोत्री धाम हर साल अक्षय तृतीय पर खुलते हैं।

इसी प्रकार शुभ अवसरों पर वैदिक भजनों और अनुष्ठानों के जाप के साथ धामों के कपाट बंद कर दिये जाते हैं। आमतौर पर, यमुनोत्री धाम और केदारनाथ धाम के कपाट भैया दूज के अवसर पर बंद कर दिये जाते हैं, और गंगोत्री धाम गोवर्धन पूजा पर और बद्रीनाथ धाम के समापन की तारीखें बद्रीनाथ-केदारनाथ समिति द्वारा विजयदशमी के दिन तय की जाती हैं। इस वर्ष चारधाम यात्रा की शुरुआत अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को होना संभावित है।

बहुत से लोग इस तथ्य से अवगत नहीं हैं कि चारधाम यात्रा एक निश्चित अनुक्रम का अनुसरण करती है। चारधाम यात्रा हमेशा यमुनोत्री धाम से शुरू होकर, गंगोत्री, केदारनाथ, और बद्रीनाथ धाम पर समाप्त होती है।

1. यमुनोत्री धाम

यमुनोत्री धाम वह धाम है जहाँ भक्त अपनी चारधाम यात्रा में सबसे पहले जाते हैं। यह धाम देवी यमुना को समर्पित है जो सूर्य की बेटी और यम (यमराज) की जुड़वां बहन थी। यह धाम यमुना नदी के तट पर स्थित है जिसका उद्गम स्थल कालिंद पर्वत निकल रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार - एक बार भैया दूज के दिन, यमराज ने देवी यमुना को वचन दिया कि जो कोई भी नदी में डुबकी लगाएगा उसे यमलोक नहीं ले जाया जाएगा और इस प्रकार उसे मोक्ष प्राप्त होगा। और शायद यही कारण है कि यमुनोत्री धाम चारों धामों में सबसे पहले आता है।

लोगों का मानना है कि यमुना के पवित्र जल में स्नान करने से सभी पापों की नाश होता है और असामयिक-दर्दनाक मौत से रक्षा होती है। शीतकाल में जगह दुर्गम हो जाने के कारण मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाते हैं और देवी यमुना की मूर्ति/ प्रतीक चिन्ह को उत्तरकाशी के खरसाली गांव में लाया जाता है और अगले छह महीने तक माता यमुनोत्री की प्रतिमा, शनि देव मंदिर में रखी जाती है।

ऊँचाई - 10,804 ft.

सर्वश्रेष्ठ समय- मई-जून और सितंबर-नवंबर

दर्शन का समय- सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक

ORTHOSQUARE MULTISPECIALITY DENTAL CLINIC

125+ Pan India Clinics | **25,000+** Google Reviews | **5Lakh+** Happy Patients | **2Lakh+** Implants Placed

Scan QR Code to Book Your First
FREE Consultation with Implantologist

+91 70420 05277 | +91 86557 01307

www.orthosquare.com

AFFORDABLE
NO COST EMI
BAJAJ FINSERV

Visit your nearest clinic in
JAIPUR

14/122, Shipra Path,
Mansarovar Sector 1,
Mansarovar, Jaipur, Rajasthan

No 113,114,115 A, Fist floor,
Manglam Apex Tower, Tonk Rd,
Lalkothi, Jaipur, Rajasthan

Clinics in Pan India

Delhi-NCR | Rajasthan - Jaipur | Madhya Pradesh - Bhopal, Indore | Gujarat - Ahemedabad, Surat, Vapi, Valsad, Vadodara | Maharashtra - Mumbai, Thane, Pune, Navi Mumbai, Aurangabad, Nagpur, Nashik | Karnataka - Bengaluru, Hubballi, Mysore, Mangalore | Hyderabad | Tamil Nadu - Chennai, Trichy | Kerala - Kochi | Goa

घूमने के स्थान- दिव्य शिला, सूर्य कुंड, सप्तऋषि कुंड

यमुनोत्री कैसे पहुँचें- आपको सबसे पहले जानकीचट्टी पहुँचना है जो उत्तरकाशी जिले में है और यमुनोत्री धाम तक पहुँचने के लिए 5-6 किमी का ट्रेक तय करना पड़ता है।

यात्रा मार्ग- ऋषिकेश --> नरेंद्रनगर (16 किमी) -->चमाब (46किमी)--> ब्रह्मखाल(15 किमी) --> बरकोट (40 किमी) --> स्यानाचट्टी (27 किमी)--> हनुमानचट्टी (6 किमी) --> फूलचट्टी (5 किमी) --> जानकीचट्टी (3 किमी) ---> यमुनोत्री (6 किमी)

2. गंगोत्री धाम

यमुनोत्री के बाद चारधाम यात्रा में अगला प्रमुख धाम गंगोत्री धाम है। यह मंदिर देवी गंगा को समर्पित है जो उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भागीरथी नदी के तट पर स्थित है। गंगा नदी भारत की सबसे पवित्र और सबसे लंबी नदी है।

गोमुख ग्लेशियर गंगा/भागीरथी नदी का वास्तविक स्रोत है जो गंगोत्री मंदिर से 19 किमी की दूरी पर है। कहा जाता है कि गंगोत्री धाम वह स्थान है जहाँ देवी गंगा पहली बार भागीरथ द्वारा 1000 वर्षों की तपस्या के बाद स्वर्ग से उतरी थीं।

किंवदंतियों के अनुसार, देवी गंगा धरती पर आने के लिए तैयार थीं लेकिन इसकी तीव्रता ऐसी थी कि पूरी पृथ्वी इसके पानी के नीचे डूब सकती थी। पृथ्वी को बचाने के लिए, भगवान शिव ने गंगा नदी को अपनी जटा में धारण किया और गंगा नदी को धारा के रूप में पृथ्वी पर छोड़ा और भागीरथी नदी के नाम से जानी गयी। अलकनंदा और भागीरथी नदी के संगम, देवप्रयाग पर गंगा नदी को इसका नाम मिला।

प्रत्येक वर्ष सर्दियों में, गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर गंगोत्री धाम के कपाट बंद कर दिये जाते है और माँ गंगा की प्रतीक चिन्हों को गंगोत्री से हरसिल शहर के मुखबा गांव में पंचकेदार जाती है और अगले छह महीनों तक वही रहती है।

ऊँचाई- 11,200 ft.

सर्वश्रेष्ठ समय- मई-जून और सितंबर-नवंबर

दर्शन समय- सुबह 6:15 से दोपहर 2:00 बजे और दोपहर 3:00 से 9:30 बजे

घूमने के स्थान- भागीरथ शिला, भैरव घाटी, गौमुख, जलमग्न शिवलिंग, आदि

गंगोत्री कैसे पहुँचें- गंगोत्री धाम पहुँचने के लिये आपको सबसे पहले उत्तरकाशी पहुँचना होगा। उत्तरकाशी पहुँचने के बाद आपको हरसिल और गंगोत्री के लिए बस/टैक्सी आसानी से मिल जाएगी। अगर आप गौमुख जाना चाहते हैं तो आपको गंगोत्री मंदिर से 19 किमी की ट्रेकिंग करनी होगी।

यात्रा मार्ग- यमुनोत्री - ब्रह्मखाल - उत्तरकाशी - नेताला - मनेरी - गंगनानी- हरसिल-गंगोत्री

3. केदारनाथ धाम

चारधाम यात्रा में तीसरा प्रमुख धाम केदारनाथ धाम है। केदारनाथ धाम 12 ज्योतिर्लिंगों की सूची में, है और पंच-केदार में सबसे महत्त्वपूर्ण मंदिर है। यह धाम हिमालय की गोद में और मंदाकिनी नदी के तट के पास स्थित है जो 8 वीं ईस्वी में आदि-शंकराचार्य द्वारा निर्मित है।

किंवदंतियों के अनुसार, कुरुक्षेत्र की महान लड़ाई के बाद पांडव भ्रातृहत्या के पाप से मुक्ति पाना चाहते थे, और इन पापो से मुक्त होने के लिये उन्होंने शिव की खोज शुरू की। परन्तु भगवान शंकर पांडवों को दर्शन नहीं देना चाहते थे, इसलिए वे वहां से अंतर्ध्यान हो कर केदार में जा बसे। उन्हें खोजते हुए हिमालय तक आ पहुँचे। पांडवों से छिपने के लिए, शिव ने खुद को एक बैल में बदल दिया और जमीन पर अंतर्ध्यान हो गए। लेकिन भीम ने पहचान लिया कि बैल कोई और नहीं बल्कि शिव हैं और उन्होंने तुरंत बैल के पीठ का भाग पकड़ लिया। पकडे जाने के डर से बैल जमीन में अंतर्ध्यान हो जाता है और पांच अलग-अलग स्थानों पर फिर से दिखाई देता है- ऐसा माना जाता है कि जब भगवान शंकर बैल के रूप में अंतर्ध्यान हुए, तो उनके धड़ से ऊपर का भाग काठमाण्डू में प्रकट हुआ (जो आज पशुपतिनाथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है), शिव की भुजाएं तुंगनाथ में, मुख रुद्रनाथ में, नाभि मद्महेश्वर में और जटा कल्पेश्वर में प्रकट हुए। इसलिए इन चार स्थानों सहित श्री केदारनाथ को पंचकेदार कहा जाता है।

दीपावली के बाद, सर्दियों में मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाते है और शिव की मूर्ति को उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में ले जाया जाता है जो अगले छह महीनों तक उखीमठ में रहती है।

ऊँचाई- 11,755 ft.

सर्वश्रेष्ठ समय- मई-जून और सितंबर-नवंबर

दर्शन समय- दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बंद रहता है और बाकी घंटों के लिए खुला रहता है।

घूमने के स्थान- भैरव नाथ मंदिर, वासुकी ताल (8 किमी ट्रेक), त्रिजुगी नारायण, आदि

केदारनाथ कैसे पहुँचें- गौरीकुंड अंतिम पड़ाव है जहाँ कोई भी परिवहन वाहन जा सकता है। और गौरीकुंड से केदारनाथ पहुँचने के लिए आपको 16 किमी की ट्रेकिंग करनी होगी। अगर आप ट्रेकिंग से बचना चाहते हैं तो आप एक विकल्प यह है कि आप गुप्तकाशी/फाटा/ गौरीकुंड आदि से हेलीकॉप्टर की उड़ान ले सकते हैं। (हेलीकाप्टर द्वारा चारधाम यात्रा)

यात्रा मार्ग- रुद्रप्रयाग - गुप्तकाशी-फाटा-रामपुर-सीतापुर-सोनप्रयाग-गौरीकुंड - केदारनाथ (16 किमी ट्रेक)

4. बद्रीनाथ धाम

चारधाम यात्रा का चौथा और अंतिम धाम बद्रीनाथ धाम है। उप-महाद्वीप में बद्रीनाथ धाम सबसे पवित्र और दौरा किया गया धाम है। बद्रीनाथ मंदिर में हर साल 10 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करते हैं। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है जो अलकनंदा नदी के तट पर नर और नारायण पर्वत के बीच स्थित है। यह एकमात्र धाम है जो चारधाम और छोटा चारधाम दोनों का हिस्सा है।

बद्रीनाथ मंदिर के अंदर, भगवान विष्णु की 1 मीटर लंबी काले पत्थर की मूर्ति है जो अन्य देवी-

टीम
जय महेश
अक्षय तृतीया
हर काम पूरा हो, कोई सपना न अधूरा हो,
धन-धान्य और प्रेम से भरा हो जीवन,
घर में हो लक्ष्मी का आगमन ,
अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुराधा डागा
"हम साथ साथ हैं..."

देवताओं से घिरी हुई है। ऐसा माना जाता है कि यहाँ स्थित भगवान विष्णु की मूर्ति 8 स्वयंभू या स्वयं व्यक्त क्षेत्र मूर्ति में से एक है, जिसकी स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी।

कथा के अनुसार- एक बार भगवान विष्णु ने ध्यान के लिए एक शांत जगह की तलाश करते हुए इस स्थान पर आ पहुँचे। यहाँ भगवान विष्णु अपने ध्यान में इतने तल्लीन हो गए कि उन्हें अत्यधिक ठंड के मौसम का भी एहसास नहीं हुआ। अत: इस मौसम से बचाने के लिये देवी लक्ष्मी ने खुद को एक बद्री वृक्ष (जुजुबे के रूप में भी जाना जाता है) में बदल लिया। देवी लक्ष्मी की भक्ति से प्रभावित होकर, भगवान विष्णु ने इस स्थान का नाम 'बद्रीकाश्रम' रखा।अन्य धामों की तरह, बद्रीनाथ धाम भी मध्य अप्रैल से नवंबर की शुरुआत तक, केवल छह महीने के लिए ही खुलता है। सर्दियों के दौरान, भगवान विष्णु की मूर्ति जोशीमठ के नरसिंह मंदिर में स्थानांतरित कर दी जाती है और अगले छह महीने तक वहाँ रहती है।

ऊँचाई- 10,170 ft.

सर्वश्रेष्ठ समय - मई-जून और सितंबर-नवंबर

दर्शन समय- सुबह 4:30 बजे से 1:00 बजे तक और शाम 4:00 बजे से रात 9:00 बजे तक।

घूमने के स्थान - तप्त कुंड, चरण पादुका, व्यास गुफ़ा (गुफा), गणेश गुफ़ा, भीम पुल, मैना गाँव, वसुधारा जलप्रपात आदि।

बद्रीनाथ कैसे पहुँचें- आप सड़क मार्ग से या केदारनाथ से हेलीकाप्टर द्वारा बद्रीनाथ जा सकते हैं।

यात्रा मार्ग- केदारनाथ - रुद्रप्रयाग - कर्णप्रयाग - नंदप्रयाग - चमोली - बिरही - पीपलकोटी - जोशीमठ - बद्रीनाथ।

चार धाम यात्रा कैसे करें/चारधाम के लिए यातायात व साधन

- **उड़ान-** आमतौर पर चारधाम यात्रा दिल्ली से या हरिद्वार से शुरू होती है। हरिद्वार से निकटतम हवाई अड्डा जॉली ग्रैंड एयरपोर्ट (देहरादून) है, जिसकी दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई और कोचीन से उड़ान की अच्छी कनेक्टिविटी है।
- **ट्रेन-** हरिद्वार जाने के लिए ट्रेन भी एक अच्छा माध्यम है जो लगभग सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है।
- **सड़क-** चारधाम राज्य और राष्ट्रीय राजमार्ग दोनों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। भूस्खलन और सड़क अवरोध की घटनाओं को कम करने के लिए ऑल वेदर रोड परियोजना जारी है।

चारधाम मार्ग पर लोकप्रिय पड़ाव-

- चारों धामों के अलावा, पंचप्रयाग (देवप्रयाग। रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, नंदप्रयाग और विष्णुप्रयाग) भी किया जाता है
- दो और दिन जोड़कर आप औली और चोपता दोनों जा सकते हैं।

चारधाम जाने से पहले कुछ महत्त्वपूर्ण बातें

- चारधाम अप्रैल/मई से नवंबर की शुरुआत तक, केवल छह महीने के लिए खुलता है और अगले छह महीने तक बंद रहता है।
- मानसून के मौसम (जुलाई-अगस्त) के दौरान यात्रा करने से बचने की कोशिश करें क्योंकि भारी बारिश से सड़क के अवरुद्ध होने और भूस्खलन की संभावना बढ़ जाती है।
- यात्रा के दौरान गर्म और ऊनी कपड़े साथ रखें क्योंकि इस क्षेत्र का मौसम हमेशा ठंडा रहता है और ऊँचाई पर तो ठंड ज्यादा बढ़ जाती है।
- हमेशा अपना मूल पहचान पत्र/ वोटर आईडी कार्ड, / आधार कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस (इनमे से कोई एक) साथ रखें। अपनी प्राथमिक चिकित्सा किट ले जाएँ।
- उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में सूर्यास्त के बाद ड्राइविंग की अनुमति नहीं है, अत: सूर्यास्त के बाद ड्राइविंग करने से बचें।
- सिर्फ चारधाम यात्रा ही नहीं बल्कि किसी भी यात्रा के दौरान आपको अपनी जरूरी दवाइयां हमेशा साथ रखनी चाहिए।
- प्रस्थान के कम से कम एक या दो महीनों पूर्व अपना चारधाम होटल्स या पैकेज को प्री-बुक कर लें।
- चारधाम यात्रा मार्ग पर, लगभग सभी होटल बुनियादी हैं और केवल कुछ एक डीलक्स श्रेणी के हैं। सभी होटलों ने उचित स्वच्छता बनाए रखी है और मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हैं। लेकिन यह सलाह दी जाती है, इन होटलों की किसी भी स्टार श्रेणी से तुलना न करें।
- पहाड़ियों पर पॉलीबैग के उपयोग और प्रकृति को गन्दा करने से बचें।
- चार धाम मंदिर, विशेष रूप से केदारनाथ धाम सभी ऊँचाई पर स्थित हैं और धाम तक जाना एक बहुत ही परीक्षण और शारीरिक रूप से भीषण कार्य माना जाता है।चारधाम यात्रा से पहले उचित स्वास्थ्य जांच करने और पूर्ण शारीरिक फिटनेस सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है।

» स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। **दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव द माहेश्वरी समाज जयपुर** द्वारा आयोजित **एमपीएस मैराथन (रन फॉर हैप्पीनेस)** का आयोजन दिनांक **27 अप्रैल 2025** को होने जा रहा है। जयपुर शहर के सभी प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों,अभिभावकों व अध्यापकों के साथ समाज बंधुओं की पूर्ण सकारात्मक सहभागिता एमपीएस मैराथन में दृष्टिगोचर होगी। इस मैराथन में सभी प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार, मैडल्स, टी-शर्ट, सर्टिफिकेट और अल्पाहार की व्यवस्था रखी गई है। **एल्बर्ट हॉल से शुरू होने वाली यह मैराथन तीन चरणों में संपन्न होगी :**

1. फिटनेस रन (21 किमी) : प्रात: 3:30 बजे, **2. कॉम्पेटेटिव रन** (10 किमी) : प्रात: 4:30 बजे, **3. फन रन** (4 किमी) : प्रात: 5:15 बजे।

» मेजबान विद्यालय एमपीएस इंटरनेशनल के साथ अन्य विद्यालयों से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। रजिस्ट्रेशन शुल्क निम्नलिखित हैं : ● **21 किमी के लिए: 1500 रुपये** ● **10 किमी के लिए: 1000 रुपये** ● **4 किमी के लिए: 500 रुपये**। इस शुल्क पर दिनांक 21 अप्रैल तक 50% ऑफ दिया जा रहा है।

» रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन लिंक सभी विद्यालयों और समूहों में प्रेषित किए जा चुके हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल 2025 है।

» इस मैराथन में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, आर्केस्ट्रा, जुम्बा, बैंड और सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियाँ भी दी जाएगी। **विशेष आकर्षण**-सामूहिक राम स्तुति गायन के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। आप सभी समाज बंधुओं से अनुरोध है कि अधिकाधिक संख्या में एमपीएस मैराथन में भाग लेकर इसे सफल बनाएँ।

-Er. **दीपक सारड़ा (कंप्यूटर इंजीनियर)**, शिक्षा सचिव-mps International, Convenor, MPS Marathon 2025

संयुक्त परिवार की शक्ति का केंद्र बिंदु हैं महिलाएं

संयुक्त परिवार में महिलाओं की अहम् भूमिका होती है। महिलाएं संयुक्त परिवार की शक्ति का केंद्र होती हैं। बिना महिलाओं के संयुक्त परिवार की कल्पना व्यर्थ है। संस्कृत में एक श्लोक है- 'यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता:। अर्थात्, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्त्व दिया गया है। जैसे हिन्दू धर्म में वेद नारी को अत्यंत महत्त्वपूर्ण, गरिमामय, उच्च स्थान प्रदान करते हैं। वेदों में स्त्रियों की शिक्षा-दीक्षा, शील, गुण, कर्त्तव्य, अधिकार और सामाजिक भूमिका का सुन्दर वर्णन पाया जाता है। वेद उन्हें घर की साम्राज्ञी कहते हैं और देश की शासक, पृथ्वी की साम्राज्ञी तक बनने का अधिकार देते हैं। वेदों में स्त्री यज्ञीय है अर्थात् यज्ञ समान पूजनीय। वेदों में नारी को ज्ञान देने वाली, सुख-समृद्धि लाने वाली, विशेष तेज वाली, देवी, विदुषी, सरस्वती, इन्द्राणी, उषा- जो सबको जगाती है इत्यादि अनेक आदर सूचक नाम दिए गए हैं। वेदों में स्त्रियों पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं है- उसे सदा विजयिनी कहा गया है और उन के हर काम में सहयोग और प्रोत्साहन की बात कही गई है।

जीवन का सौन्दर्य एवं शक्ति है परिवार

वैदिक काल में नारी अध्ययन-अध्यापन से लेकर रणक्षेत्र में भी जाती थी। जैसे कैकेयी महाराज दशरथ के साथ युद्ध में गई थी। कन्या को अपना पति स्वयं चुनने का अधिकार देकर वेद पुरुष से एक कदम आगे ही रखते हैं। अनेक ऋषिकाएं वेद मंत्रों की द्रष्टा हैं- अपाला, घोषा, सरस्वती, सर्पराज्ञी, सूर्या, सावित्री, अदितिदाक्षायनी, लोपामुद्रा, विश्ववारा, आत्रेयी आदि। वेदों में नारी के स्वरुप की झलक इन मंत्रों में देखें जा सकते हैं- यजुर्वेद 20:9 (स्त्री और पुरुष दोनों को शासक चुने जाने का समान अधिकार है)। यजुर्वेद 17:45 (स्त्रियों की भी सेना हो। स्त्रियों को युद्ध में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें)। यजुर्वेद 10:26 (शासकों की स्त्रियां अन्यों को राजनीति की शिक्षा दें। जैसे राजा, लोगों का न्याय करते हैं वैसे ही रानी भी न्याय करने वाली हों)। अथर्ववेद 11:5:18 (ब्रह्मचर्य सूक्त के इस मंत्र में कन्याओं के लिए भी ब्रह्मचर्य और विद्या ग्रहण करने के बाद ही विवाह करने के लिए कहा गया है। यह सूक्त लड़कों के समान ही कन्याओं की शिक्षा को भी विशेष महत्त्व देता है) कन्याएं ब्रह्मचर्य के सेवन से पूर्ण विदुषी और युवती होकर ही विवाह करें। अथर्ववेद 14:1:6 (माता-पिता अपनी कन्या को पति के घर जाते समय बुद्धिमत्ता और विद्याबल का उपहार दें। वे उसे ज्ञान का दहेज़ दें)। जब कन्याएं बाहरी उपकरणों को छोड़ कर, भीतरी विद्या बल से चैतन्य स्वभाव और पदार्थों को दिव्य दृष्टि से देखने वाली और आकाश और भूमि से सुवर्ण आदि प्राप्त करने-कराने वाली हों तब सुयोग्य पति से विवाह करें। ऋग्वेद 3.31.1 (पुत्रों की ही भांति पुत्री भी अपने पिता की संपत्ति में समान रूप से उत्तराधिकारी है)। देवी अहिल्याबाई होलकर, मदर टेरेसा, इला भट्ट, महादेवी वर्मा, राजकुमारी अमृत कौर, अरुणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी और कस्तूरबा गाँधी आदि जैसी कुछ प्रसिद्ध महिलाओं ने अपने मन-वचन व कर्म से सारे जग-संसार में अपना नाम रोशन किया था। कस्तूरबा गाँधी ने महात्मा गाँधी का दायां हाथ बनकर उनके कंधे से कंधा मिलाकर देश को आजाद करवाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इंदिरा गाँधी ने अपने दृढ़-संकल्प के बल पर भारत व विश्व राजनीति को प्रभावित किया था। उन्हें लौह-महिला (आयरन लेडी) यूं ही नहीं कहा जाता है। इंदिरा गाँधी ने पिता, पति व एक पुत्र के निधन के बावजूद हौसला नहीं खोया। दृढ़ चट्टान की तरह वे अपने कर्मक्षेत्र में कार्यरत रहीं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रेगन तो उन्हें 'चतुर महिला' तक कहते थे, क्योंकि इंदिराजी राजनीति के साथ वाक्-चातुर्य में भी माहिर थीं।

कोरोना संकट का सबसे ज्यादा भार परिवार में महिलाओं पर आ पड़ा। कोरोना के भारी संकट में पूरे परिवार में यदि किसी पर सबसे ज्यादा संकट आया तो वह घर की महिला ही है जिसकी भूमिका अचानक बहुत बढ़ गई और घर में न केवल उसके काम बढ़े बल्कि उसके अधिकार क्षेत्र में दूसरे लोगों का अनधिकृत प्रवेश भी बढ़ गया। हर कोई उस पर हुक्म चलाता या फिर उससे काम करवाता था। लॉकडाउन में बाहर सब कुछ बंद था तो सबको घर पर ही रहने की मजबूरी थी। लॉकडाउन ने महिलाओं के काम के बोझ को बढ़ा दिया था। बच्चे स्कूल में जा नहीं रहे उन्हें या तो घर पर पढ़ाओ या नई-नई चीजें खिलाते रहो या मनोरंजन करो नहीं तो वे उधम मचायेंगे। जो बुजुर्ग हैं उन्हें कोरोना का सबसे ज्यादा खतरा था, उनकी देखभाल अलग। बड़े आराम से घर में कोरोना से बचाव के लिए घर वालों ने तय कर दिया कि हाउस हैल्प और काम करने वाली बाई को मत आने दो। फिर खाना बनाने, बर्तन मांजने, झाड़ू चौका, कपड़े धोने का काम सब महिला पर ही आ गया। महिलायें पुरुषों की तुलना में किसी भी संकट में ज्यादा सतर्क और सक्रिय होती हैं। बेहतर प्रबंधक और बुरे हालात में भी बड़ी हिम्मत से परिवार और समाज को संभाले रहती हैं ये अलग बात है जब संकट नहीं रहता तब वे परिवार और समाज दोनों में ही फिर से उपेक्षित हो जाती हैं। कोरोना के इस संकट में उन्होंने कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारियों का वहन किया। भारतीय संस्कृति में महिलाओं की अत्यंत गौरवशाली व महत्त्वपूर्ण भूमिका है। भारत एकमात्र देश है जहां महिलाओं के नाम के साथ देवी शब्द का प्रयोग किया जाता है। यहां नारी को शक्ति स्वरूपा, भारतीय संस्कृति की संवाहक, जीवन मूल्यों की संरक्षक, त्याग, दया, क्षमा, प्रेम, वीरता और बलिदान के प्रतीक के रूप में स्थापित किया गया है। उसे गृहलक्ष्मी की मान्यता दी गई।

अतएव हम कह सकते हैं महिलाएं, संयुक्त परिवार की शक्ति का केंद्र बिंदु हैं। ■

भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब **घुटना प्रत्यारोपण** कराये
AI (Artificial Intelligence) & **AR** (Augmented Reality) तकनीक द्वारा

Robotic AI और AR तकनीक के फायदे

रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी

सबसे उन्नत और सटीक

जटिलताओं का जोखिम कम

बेहतर परिणाम

पहले से और भी सुरक्षित

MISSO
Planner

Robotic
Arm

PARTANI CLINIC

डॉ. अरुण परतानी

एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट

16 वर्षों का सफल अनुभव

DENTAL IMPLANTS

not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!

डॉ. भारती परतानी

BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist

15 वर्षों का सफल अनुभव

Quality Dental Care

- ☑ Dental Implants
- ☑ Teeth Whitening
- ☑ Root Canal
- ☑ Composite Filings
- ☑ Ceramic or
- ☑ Porclain Crowns
- ☑ And Many More.....

किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइयग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।

175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015

For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501

विश्व हास्य दिवस
4 मई

हास्य ही जीवन है

कहा जाता है जल ही जीवन है, लेकिन जीवन में हास्य का एक अलग ही महत्त्व है। जीवन को जीने का तरीका हर प्राणी का अलग-अलग होता है हर इंसान एक दूसरे से मुस्कान के जरिए जुड़ा रहता है।

यह मुस्कान मनुष्य की प्रकृति प्रदत प्रवृत्ति है जिससे दो अनजान और अपरिचित एक दूसरे के करीब दूरियों को मिटाती है। भले ही हमें कोई भाषा समझ में आये या न आये लेकिन हंसी और मुस्कुराहट की भाषा सब के लिए एक ही होती है। तनावपूर्ण जीवन में हास्य का एकअलग ही विशेष महत्त्व है। जो विपरीत परिस्थितियों को नजरअंदाज करने खुश करने और रहने की प्रेरणा देता है। परेशानियों को कम करके समझना और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को जी भर के जीना ही अच्छी सेहत की निशानी है। हंसना-मुस्कुराना किसी दौर का मोहताज नहीं है लेकिन वर्तमान काल में हंसने की प्रवृत्ति में गिरावट की वजह कहीं ना कहीं अस्त-व्यस्त जीवनशैली, भागती दिनचर्या और तनाव से से भरा जीवन का वातावरण है जिस कारण व्यक्ति अच्छी नींद और सुकून की जिंदगी से काफी दूर चला गया हैं जहाँ

हँसना भी न सहज है न संभव। तनावऔर बोझिल जिंदगी में हंसने का कोई महत्त्व ही नहीं रह जाता है।

जीवन में हंसने बोलने का बहुत महत्त्व है। खुश रहने वाले लोगों को बीमारियाँ कम घेरती हैं। कहते हैं कि हंसने से अनेक बीमारियाँ ठीक भी हो सकती हैं, व्यक्ति तंदुरुस्त रहता है, शरीर में चुस्ती आती है, शारीरिक और मानसिक विकास होता है। एक गंभीर व्यक्ति दूसरों की हर बात को गंभीर रूप से लेकर स्वयं भी दुखी होकर दूसरों को भी कष्ट भी देता है। हिंदी साहित्य में नव रस हैं जिनमे एक हास्य रस है। हास्य रस एक ऐसी कला है जो हंसने वाले को तो स्वस्थ और दीर्घायु बनाती ही है और सकारात्मक उर्जा से माहौल को खुशनुमा बनाती है। हास्य एक रामबाण और अचूक उपचार है। आजकल ऐसे क्लब भी प्रचलन में हैं जहा हंसी को थेरेपी के रूप में इस्तेमाल करके लोगों को सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया जाता है। क्योंकि हंसने से मुख की मांसपेशियों का व्यायाम, रक्त संचरण सामान्य रहता है। मूक प्राणी के करतब अपने हाव-भाव से मनुष्य में ख़ुशी का एहसास करते हैं। जैसे मोर का नृत्य, बंदरों का नाच, आदि।

आजकल डाक्टर भी लाफ्टर थेरेपी के जरिये कई बीमारियों का इलाज कर रहे हैं। लाफ्टर एक थेरेपी ही तो है जो आपकी सारी बीमारियों व तकलीफों को छोटा कर देती है और जीवन को ख़ुशी से जीने की चाहत को बहुत बड़ा बना देती है।

हंसना एक औषधि है

परमात्मा ने मनुष्य को हंसने की शक्ति दी है। इसके पीछे कारण है। चूंकि मनुष्य अपनी विकृतियों के जाल में बुरी तरह फंसा रहनेवाला प्राणी है, इसलिए उसे हंसी की जरूरत है। मनुष्य के स्वस्थ होने की पहली पहचान है- हंसी। हंसनेवाला व्यक्ति जीवन में स्वस्थ व प्रसन्न रहते हुए अपने जीवन को सुखी बनाता है।

हंसना मानव जीवन के लिए वरदान है, क्योंकि कोई अन्य जीव हंस नहीं सकता। मनुष्य का सारा जीवन उसके खुद के द्वारा निर्मित कुप्रवृत्तियों के विष से विषाक्त बना रहता है। उसके जीवन की सुख, शांति व प्रसन्नता सब नष्ट हो जाती है। मनुष्य स्वयं अपने ही हाथों अपने शरीर में विकृति पैदा करता है और फिर लहूलुहान होकर कराहने लगता है। मानव जीवन में जो दुख है, उसका सृजन उसने खुद किया है, क्योंकि दुख कोई किसी को नहीं दे सकता। सच तो यह है कि न तो कोई किसी को दुख दे सकता है और न ही सुख। हम स्वयं खुद को सुख या दुख देते हैं।

परमात्मा ने दुखों से मुक्ति के लिए मनुष्य को हंसने की शक्ति दी है, लेकिन आश्चर्य है कि आज कोई भी हंसने की इस शक्ति का उपयोग नहीं कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति दुख, चिंता, निराशा व आंसू का उपयोग करता है। ऐसे लोग शायद यह समझते हैं कि चिंतित होने से दूसरों का ध्यान उनकी ओर जायेगा। ऐसे लोग आत्मपीड़क होते हैं।

दूसरी ओर, हंसनेवाले लोग भी होते हैं, जो मुस्कुराते हुए अपना दिन शुरू करते हैं और मुस्कुराते हुए ही सो जाते हैं। हंसना एक व्यायाम है। हंसने से जीवनी शक्ति बढ़ती है। मन की कुंठाएं टूटती हैं और जीवन में जो निराशा के बीज होते हैं, वे नष्ट हो जाते हैं। यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है।

अत: हंसते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि हंसी के फव्वारे जब भी छूटें, तो नाभि के निकट से ही छूटें। एकांत में यदि प्रतिदिन नाभि के निकट से हंसी के फव्वारे को ऊपर की ओर छोड़ा जाये, तो पेट के सारे विकार नष्ट हो जाते हैं। प्रतिदिन ठहाके लगाने वाले कभी पेट की बीमारी से पीड़ित नहीं होते। यदि मन में कहीं दुख के बादल छाये हैं, या काम, क्रोध, लोभ व मोह के वेग से ग्रस्त रहता है, तो हंसी के एक फव्वारे से सारे मनोविकार नष्ट हो जाते हैं और एक क्षण में ही प्रसन्नता का बोध होने लगता है।

Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053

Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

MAHESHWARI ELECTRICALS

G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039

M: +91 93524 79947

मदर्स डे विशेष
11 मई

सिंगल मदर्स : एक सशक्त मातृत्व की मिसाल

हमारे समाज में माँ का दर्जा सर्वोच्च होता है, लेकिन एक सिंगल मदर को कभी-कभी समाज में कई कठोर आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। विशेषकर जब वह अकेले ही अपने बच्चों को पालने और घर-परिवार की जिम्मेदारियाँ निभाने का प्रयास करती है। एक सिंगल मदर वह महिला होती है, जिसने अपने जीवनसाथी को खो दिया या तलाक के बाद अकेले अपने बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी उठाई। ऐसे में समाज का ताना और आलोचना उसे मानसिक रूप से कमजोर कर सकती है, जबकि सच्चाई यह है कि वह एक आदर्श, प्रेरणादायक और सशक्त महिला है, जो तमाम कठिनाइयों के बावजूद अपने बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए निरंतर संघर्ष करती रहती है।

माँ की भूमिका किसी भी परिवार में महत्त्वपूर्ण होती है, लेकिन एक सिंगल मदर के लिए यह भूमिका और भी कठिन हो जाती है। उसे एक ओर बच्चों के लिए माँ बनकर हर पल उनके साथ होना होता है, और दूसरी ओर अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए काम भी करना होता है। यह जीवन के सबसे कठिन संघर्षों में से एक है। ऐसे में समाज का यह आरोप लगाना कि वह 'स्वार्थी' है या अपनी ज़िंदगी के लिए 'काम करती है' बेहद अनुचित है। क्या एक माँ के लिए अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बनाने का प्रयास करना स्वार्थी होना है?

माँ का प्यार, बलिदान और समर्पण अनमोल होता है और एक सिंगल मदर की मेहनत और संघर्ष को समझना चाहिए। उसके पास सीमित समय होता है, लेकिन वह हर वक्त अपने बच्चों के लिए संघर्ष करती है, ताकि उनका जीवन बेहतर हो। वह खुद की इच्छाओं को त्याग कर अपने बच्चों की हर जरूरत पूरी करने का प्रयास करती है। समाज को यह समझना चाहिए कि एक सिंगल मदर को कभी भी आलोचना नहीं करनी चाहिए, बल्कि उसे सम्मान और समर्थन देने की आवश्यकता है।

आज के इस मदर्स डे पर, हम सभी को यह समझने की आवश्यकता है कि सिंगल मदर्स एक असली प्रेरणा होती हैं। वे अपनी ताकत और साहस से यह साबित करती हैं कि किसी भी परिस्थिति में एक महिला अपने बच्चों के लिए सर्वोत्तम हो सकती है। हमें उनकी मेहनत और समर्पण को सराहना चाहिए और उन्हें अपने जीवन में एक सशक्त महिला के रूप में मान्यता देनी चाहिए।

सिंगल मदर वह है जो हमेशा अपने बच्चों के साथ खड़ी रहती है, चाहे हालात कैसे भी हों। वह कभी भी हार नहीं मानती, बल्कि हर परिस्थिति में अपने बच्चों को प्यार और सुरक्षा देती है। आज हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि हम सिंगल मदर्स का सम्मान करेंगे और उनके योगदान को स्वीकार करेंगे। ''माँ की ममता और संघर्ष के सामने दुनिया की सारी मुश्किलें छोटी पड़ जाती हैं।''

मदर्स डे के इस विशेष अवसर पर, हम सभी सिंगल मदर्स को सलाम करते हैं। उनकी प्रेरणा और बलिदान से हमें हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

कार्यरत महिलाओं का सम्मान जरूरी

माँ का नाम सुनते ही हमारे मन में ममता, प्यार और बलिदान का एहसास होता है। हर महिला के भीतर माँ बनने की एक अनूठी क्षमता होती है, और जब वह एक कार्यरत महिला भी होती है, तो उसकी संघर्षों की कहानी और भी प्रेरणादायक बन जाती है। कामकाजी महिलाएँ न केवल घर के भीतर अपने परिवार की देखभाल करती हैं, बल्कि बाहर की दुनिया में भी अपनी मेहनत से समाज में योगदान देती हैं। ऐसे में मदर्स डे के इस खास मौके पर हमें उन कार्यरत महिलाओं का विशेष रूप से सम्मान करना चाहिए, जो घर और काम दोनों को बखूबी निभाती हैं।

जब एक महिला काम करती है, तो वह अपनी दिनचर्या में बहुत सी जिम्मेदारियों को अपने कंधों पर लेकर चलती है। घर की देखभाल, बच्चों की पढ़ाई, परिवार की देखभाल और साथ ही अपने कॅरियर की ऊँचाइयों को छूने की चाहत-यह सब मिलकर एक जटिल और संघर्षपूर्ण स्थिति बना देते हैं। इस स्थिति में परिवार का समर्थन और विशेषकर पति का सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता है। एक अच्छा पति न केवल अपनी पत्नी को मानसिक और भावनात्मक समर्थन देता है, बल्कि घर के कामों में भी हाथ बंटाता है। यह समर्थन उसे अपने कॅरियर और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

वहीं, परिवार के अन्य सदस्य, जैसे सास-ससुर और अन्य रिश्तेदार भी उस महिला को मानसिक शांति और सहारा देते हैं। अगर परिवार का माहौल सहायक और सकारात्मक हो, तो एक कार्यरत महिला अपनी जिम्मेदारियों को और भी अच्छे से निभा सकती है। परिवार का सहयोग न केवल उसकी प्रेरणा का स्रोत बनता है, बल्कि इससे उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

आज के दौर में यह जरूरी है कि समाज में महिलाएं, खासकर कार्यरत महिलाएं, एक-दूसरे का समर्थन करें। परिवार का प्यार और समर्थन हर महिला के लिए ताकत का स्रोत होता है। जब महिला को यह अहसास होता है कि उसके परिवार के सदस्य उसकी मेहनत और संघर्ष को समझते हैं और उसकी सराहना करते हैं, तो यह उसके कार्यक्षेत्र में सफलता की ओर प्रेरित करता है।

मदर्स डे के इस दिन हमें यह याद रखना चाहिए कि एक कार्यरत महिला के जीवन की सफलता सिर्फ उसकी मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि उस सहयोग का भी होता है जो उसे अपने परिवार से मिलता है। एक महिला को अगर उसका परिवार साथ देता है, तो वह किसी भी कठिनाई को पार कर सकती है। ऐसे में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर महिला को अपने घर और समाज से बराबरी का प्यार और सम्मान मिले, ताकि वह अपने कॅरियर के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारियों को भी बिना किसी तनाव के निभा सके।

'एक महिला जब खुद को समझती है और उसका परिवार उसे सहारा देता है, तो वह न केवल एक बेहतर माँ बन सकती है, बल्कि अपने सपनों को भी पूरा कर सकती है।' मदर्स डे के इस खास मौके पर हमें उनके संघर्ष और बलिदान को समझते हुए उनका समर्थन करना चाहिए, ताकि वे हर मोर्चे पर जीत हासिल कर सकें।

■ **प्रीती रोमेश सोमानी**

IIHMR UNIVERSITY
JAIPUR

Pioneering in Future-Ready Education

Admission Open 2025

Healthcare has become one of the largest and fastest-growing sectors of the Indian economy in terms of both revenue and employment, creating immense potential for young individuals to explore new career paths.

Programmes Offered

Our programmes are dynamically responding to the evolving global landscape. Students are equipped with the most sought-after critical skills for decision-making including leadership, management, data-science, and tech skills.

MBA Programmes *(Two-year full-time programmes)*

MBA (Hospital and Health Management)
MBA (Pharmaceutical Management)
MBA (Healthcare Analytics)
MBA (Development Management)

Specializations are available in:
- CSR & ESG Management
- Sustainable Business Management

HIGHEST PACKAGE ₹ 35.6 LPA

MPH Programmes *(Two-year full-time programmes)*

Master of Public Health
Specialization is available in:
Implementation Science

Master of Public Health

Offered by Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health, USA in cooperation with IIHMR University.

Executive Programmes *(For working professionals/executives)*

Master of Public Health *(Executive)*
Master of Hospital Administration *(Executive)*
MBA (CSR & ESG Management) *(Executive)*
MBA Sustainable Business Management *(Executive)*
MBA Pharmaceutical Management *(Executive)*

Scholarships worth Rs. 3.17 Cr.

Full Tuition Fee Scholarships:
For Socially Challenged (SC/ST/OBC-NC) and Economically Weaker Section (EWS) students

Merit Scholarships:
Based on
CAT/XAT/MAT/CMAT/NMAT/ATMA
Score or Graduation Percentage

RANKINGS 2025

#1 Healthcare Management University in India

#8 Top Private University in India

#8 Private B Schools in India — EDUCATION WORLD

#18 Top 100 B-Schools in India — Times B School

Collaborations and Partnerships

- John Hopkins University USA
- University of Manchester U.K.
- University of Montreal Canada
- Curtin University Malaysia
- Management & Science University Malaysia
- Duquesne University Pittsburgh, Pennsylvania, USA
- Mendel University Brno, Czechia
- Universitas Islam Bandung Indonesia

For Admission Scan this QR Code
APPLY NOW

To know more about admissions

+91-9145989952, +91-9358893199, +91-9358893198, +91-9358821088, +91-9001919777

admissions@iihmr.edu.in www.iihmr.edu.in 1, Prabhu Dayal Marg, Sanganer Airport, Jaipur-302029, Rajasthan, India

श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल जयपुर द्वारा महारक्तदान शिविर आयोजित

देहदानी श्री रामदास जी मंत्री (गणगौर बेसन) की 7वीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में आयोजन किया गया जिसमें नवयुवक मण्डल अध्यक्ष श्री अभिषेक मांधाना और सचिव सीए अखिल भाला ने जानकारी दी कि कैंप प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 308 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर में 4 ब्लड बैंकों की सेवाएं ली गई।

1. EHCC, 2. SMS, 3. Life care, 4. AYUSHMAAN

कोषाध्यक्ष श्री गोविंद राठी ने कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए मंत्री परिवार (गणगौर बेसन वाले) का समस्त मंडल कार्यकारिणी सत्र 2022- 2025 की ओर से आभार एवं साधुवाद किया। चिकित्सा मंत्री श्री पुलकित ने जानकारी दी कैंप में 100 से भी जायदा समाज बंधुओं ने नि:शुल्क फिजियोथैरेपी का लाभ उठाया एवं 48 समाज बंधुओं ने नेत्र दान का संकल्प पत्र भरा।

'महेश यात्री निवास' का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह सम्पन्न

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ने अपने नवीन प्रकल्प 'महेश यात्री निवास' के भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह सोमवार, दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को प्रात: 11.15 बजे प्लाट नं. 9, सुदामा नगर, टोंक रोड़, जयपुर में पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। यह भूमि समाज के भामाशाह श्री चांदमल जी राठी द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती गीता देवी राठी की स्मृति में समाज को भेंट की गई थी। भवन का भूमि पूजन भूमि दानदाता श्री चांदमल जी राठी (शाह), जोधपुर वाले के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राधाकृष्ण जी कोगटा को बनाया गया तथा उनके परिवार से श्री आयुष जी एवं श्रीमती आयुषी कोगटा उपस्थित रहे। समाज अध्यक्ष श्री केदार मल भाला ने बताया कि इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर जल्द ही आमजन के आवास हेतु बुकिंग प्रारम्भ कर दी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि बाहर से जयपुर आने वाले बन्धुओं/यात्रियों को उचित दरों पर उपलब्ध करवाया जायेगा।

इस अवसर पर समाज संरक्षक श्री बिहारी लाल जी साबू, श्री मनोहर लाल जी सारड़ा, श्री सत्यनारायण जी काबरा (जेडी सुपारी), समाज अध्यक्ष श्री केदार मल जी भाला, उपाध्यक्ष (अर्थ) श्री पवन जी बजाज, अर्थ मंत्री श्री रविन्द्र जी झंवर, संयुक्त सचिव श्री संदीप जी कचोलिया, सीए. शरद जी काबरा, सीए. रोहित जी परवाल, श्री प्रकाश बिड़ला, श्री श्रीबल्लभ मारू, श्री आलोक जी झंवर, श्री हरिश जी डागा, श्री वैभव जी सोमानी, श्री पूनमचन्द जी भाला श्री माहेश्वरी महिला परिषद् अध्यक्षा श्रीमती ज्योति तोतला सहित समाज कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण, मण्डल के युवा साथी व महिला परिषद की मातृशक्ति एवं समाज के अन्य गणमान्य जनों सहित लगभग 200 समाज बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समाज के सभी विकास कार्यों में कार्यकर्त्ताओं का अथक प्रयास एवं कड़ी मेहनत अनुकरणीय है हम पुन: सभी कार्यकर्ताओं, दानदाताओं एवं सहयोगकर्ताओं का अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त करते है।

कार्यक्रम झलकियां

भूमि पूजन : झलकियां

SOMANI HOSPITAL

Congratulates

DR. RAJSHRI SOMANI

on completing MD in Respiratory Medicine
from SMS Medical College, Jaipur

Warm Regards

Smt Mahendra Devi Somani
Dr Naresh Somani (9829014996)
Dr Rajkumari Somani (9314414996)
Yashvardhan Somani
& entire Somani family

नर सेवा, नारायण सेवा :
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प

भामाशाह श्री अशोक कुमार जी, अनिल कुमार जी लढ्ढा (जमवारामगढ़ वाले) के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 20.03.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्री अशोक कुमार लढ्ढा, श्री अनिल कुमार लढ्ढा, श्रीमती मंजू लढ्ढा, अंकित लढ्ढा, भुविक-चार्वी लढ्ढा, श्री परसुराम बागड़ी एवं लढ्ढा परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भामाशाह श्री अरविन्द जी, दिनेश जी मालपानी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 03.04.2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्रीमती मनीषा, आदित्य, पार्ची, वेदिका, अथर्व, सानिध्य मालपानी, श्री श्याम भण्डारी एवं श्री परसुराम बागड़ी एवं मालपानी परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मेडिकल इक्विपमेंट की मुफ्त सुविधा उपलब्ध

महेश सेवा संघ समिति मेडिकल इक्विपमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रही है। किसी भी बंधु को अगर जरूरत होने पर मेडिकल बेड, व्हीलचेयर, एयर बेड, वॉटर बेड, जरूरत होने निम्न जगह पर उपलब्ध रहेगा।

संपर्क सूत्र (चिकित्सा मंत्री)

दीपक जाजू	हेमंत मंत्री
9414834235	9829057345

भामाशाह श्रीमती श्रीकान्ता बियानी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 10 अप्रैल, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक श्री शंकर लाल लढ्ढा, श्री सत्यनारायण काबरा (जेडी सुपारी), श्री अरुण बाहेती, श्री संजय बियानी, श्री राजरतन पटवारी, श्री अनिल मालपानी, श्री रवि राठी, श्री गोपाल जाजू, श्री अनुपम लोईवाल, श्री बृजकिशोर सामरिया, श्री विष्णु जी, श्रीमती पूर्वी बियानी, श्रीमती ममता राठी, माधव-मुकुंद बियानी एवं बियानी परिवार सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम

श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

पी-10ए, सैक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39

फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416

Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com

आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें

समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)

CT एवं Digital X-Ray

3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा

डॉ. विजेता सुल्तानिया
MBBS, DMRD
कन्सलटेन्ट रेडियोलोजिस्ट
2D-ECHO
Timing : 9.30 AM to 1:30 PM

डॉ. आर.सी. गुप्ता
Sr. Doctor & Gen. Physician
Ex. Sr. MO,
Govt. H.B. Kanwatia Hospital
Physician in various famous hospitals
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM

सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।

डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MD, DNB
हृदय रोग विशेषज्ञ
2D-ECHO
Timing : 8.00 AM on Call

डॉ. विकल्प वशिष्ठ
MBBS (Ortho), DNB, MNAMS, MS (Ortho)
FJRS, JAF (Joint Replacement) & Arthroscopic Surgen
भारत के सुविख्यात जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ
Timing : 10.30 AM - On Call

डॉ. मनीष जैन
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
Timing : 11:30 AM to 12:30 PM
(सोमवार एवं गुरुवार)

डॉ. ख्याति माहेश्वरी
Phisiotherapist
COMP, CDNP, CIASTM,
CDCT, CKTT
Timing : 9 AM to 2 PM

डॉ. नेहा अग्रवाल तापड़िया
B.D.S. (Gold Medalist)
M.D.S. (Pedodontics & Preventive Dentistry)
Ex. Medical Officer at Govt. Hospital
Timing : 10 AM to 1 PM

जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं। नोट : सैम्पल कलैक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)

PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹2600/-

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- HBAIC
- LIVER FUNCTION TEST
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)

घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180

X-Ray Chest PA, ECG

Blood Sugar 35/-	SGOT 40/-
Cholesterol 40/-	Creatinine 45/-
SGPT 50/-	Urine R/E 50/-
Calcium 60/-	Uric Acid 60/-
CBC 120/-	E.C.G. 100/-
Thyroid Profile 300/-	CRP 150/-
Liver Function 250/-	Hb A1C 250/-
Lipid Profile 300/-	RFT 450/-

CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price ₹700/-

- CBC • FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
- HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹1299/-

- CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
- BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
- RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
- URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

MRI 3.0 Tesla से

Special Price ₹3500/-

SHRI MAHESHWARI DIALYSIS DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTER

(A Unit of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur)

210-ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर-19

फोन : 0141-2948760, 8306300304 • Email : smddrclab@gmail.com

ओपीडी

General Medicine
Dr. Ravindra Mathur
M.D. (General Medicine)
Senior Consultant Physician & Diabetes, Thyroid Specialist
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM (SUNDAY CLOSE)

Gynaecologist
Dr. Vinita Gupta
M.B.B.S., DGO
Consultant Obstetrician and Gynaecology
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM (THURSDAY OFF)

Sonography / सोनोग्राफी
Dr. Gunwanti Malav
MBBS DMRD
Consultant Radiologist
TIMING 9:00 AM TO 1:00 PM
(SUNDAY CLOSE)

Dental Care
Dr. Bharti Maheshwari
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
TIMING 9:00 AM TO 12:00 PM
(SUNDAY CLOSE)

Physiotherapist
Dr. Anoop Sharma & TEAM
BPT, MPT (Ortho), COMT
Consultant Physiotherapist
TIMING 8:00 AM To 2:00 PM
(SUNDAY CLOSE)

Quality Dental Care
Dental Implants
Root Canal
Teeth Whitening
Composite Fillings
Ceramic or Porcelain Crowns
and May More....

PHYSIOTHERAPHY
START / ₹250/-
- Assessment and Diagnosis
- Rehabilitation Sessions
- Individualized Treatment Plans

स्वास्थ्य के क्षेत्र में
श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम

लैब का समय
प्रातः 7:30 बजे से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 3 बजे (रविवार)

उचित दरों पर एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध

CT एवं 2D-ECHO की सुविधाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध

DIALYSIS
START / ₹850/-

सोनोग्राफी
प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक

Digital X-Ray 200/- से शुरु

PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price / ₹2500/-

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- LIVER FUNCTION TEST
- HBAIC
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)

सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है, शुल्क अतिरिक्त

Blood Sugar 35/-	SGOT 40/-
Cholesterol 40/-	Creatinine 45/-
SGPT 50/-	Urine R/E 50/-
Calcium 60/-	Uric Acid 60/-
CBC 120/-	E.C.G. 100/-
Thyroid Profile 300/-	CRP 150/-
Liver Function 250/-	Hb A1C 250/-
Lipid Profile 300/-	RFT 450/-

CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price / ₹700/-

- CBC • FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
- HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price / ₹1299/-

- CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
- BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
- RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
- URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

MRI 1.5, 3.0 Tesla से

Special Price / ₹3500/-

आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जांचें

ब्लड कलैक्शन सेन्टर

महेश सत्संग भवन, नियर जे.पी. अंडरपास, महेश कॉलोनी जयपुर,
फोन:0141-3517910, 8306300165

87, सरती नगर, जनपथ, श्याम नगर, जयपुर-19,
फोन: 0141-4924112

कलैक्शन सेन्टर्स का समय
प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक

संचालन समिति (2022-2025)

केदार मल भाला	मनोज मूंदड़ा	डॉ. अरुण परतानी	अशोक खटोड़ (VDN)	गिरिराज लढ्ढा
अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर	महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर	स्वास्थ्य मंत्री	सदस्य, प्रबन्ध समिति 9829013729	सदस्य, प्रबन्ध समिति 9828062736

विज्ञापन

श्री महेश मेडिकल रिलीफ सोसायटी के समस्त सदस्यों के लिए चुनाव सूचना

त्रिवार्षिक चुनाव सत्र 2025-2028

श्री महेश मेडिकल रिलीफ सोसायटी (रजि.) जयपुर की मीटिंग दिनांक 9 अप्रैल 2025 में सोसायटी के त्रिवार्षिक चुनाव (सत्र 2025–28) रविवार, दिनांक 29 जून, 2025 को कराने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु श्री मालचन्द बाहेती को मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

विधान के अनुसार विशिष्ट आजीवन सदस्यों में से 9 (नौ) सदस्यों का तथा साधारण आजीवन सदस्यों में से 8 (आठ) सदस्यों का चुनाव किया जायेगा। दोनों श्रेणी के सदस्य अपनी अपनी श्रेणी के सदस्यों का चुनाव करेंगे। जो भी सदस्य चुनाव में प्रत्याशी होना चाहते हैं, वे अस्पताल कार्यालय में नामांकन पत्र दिनांक 14.6.2025 से 18.06.2025 तक प्रात: 12.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक कार्यालय से नामांकन पत्र प्राप्त कर आवश्यक नामांकन शुल्क के साथ जमा करवा सकते हैं। नामांकन शुल्क वापस देय नहीं होगा।

नामांकन शुल्क – **विशिष्ट आजीवन सदस्य** **1000/- रुपये**

साधारण आजीवन सदस्य **500/- रुपये**

नोट : (1) संरक्षक सदस्य अस्पताल कार्यकारिणी के स्थाई सदस्य होते हैं।

(2) सोसायटी के सभी वर्तमान सदस्यों को चुनाव कार्यक्रम की सूचना अलग से चुनाव अधिकारी जी द्वारा भेजी जाएगी ।

नोट : 1. सदस्यता लेने की अंतिम तिथि 30 मई 2025 सायं 6.00 बजे तक रहेगी। सदस्यता शुल्क निम्नानुसार हैं :

1. संरक्षक सदस्य — रुपये 1,21,000/-
2. विशिष्ट आजीवन सदस्य — रुपये 21,000/-
3. साधारण आजीवन सदस्य — रुपये 5,100/-

2. किसी भी प्रकार की सूचना / सहायता के लिए मानद सचिव श्री रामअवतार आगीवाल (मो. 9413341614), प्रशासन मंत्री श्री अनिल अत्तार (मो. 9414077165) एवं कार्यालय अधीक्षक श्री देवकीनन्दन भाला (मो. 9460759101) से सम्पर्क करें।
3. सदस्यों की सूची आवश्यक शुल्क देकर दिनांक 14 जून 2025 से अस्पताल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
4. अन्य सभी सूचनाऐं समय-समय पर अस्पताल के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जायेगी।

रामअवतार आगीवाल
मानद सचिव

हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

हर्षिल चाण्डक सुपुत्र श्रीमती अरुणा-अशोक चाण्डक को GATE (Graduate Aptitude Test in Engineering) परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 4th Rank प्राप्त करने पर।

वैभव माहेश्वरी सुपुत्र श्रीमती दीप्ति-विष्णु चितलांग्या को IIT-JEE (Mains)-2024-25 में 95.90 पर्सेंटाइल प्राप्त होने पर।

राजस्थान सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी सोसायटी के सत्र 2025-26 हेतु महामंत्री के पद पर **श्री गिरधर गोपाल चौधरी (काबरा)** चुने जाने पर।

परिधि सुपुत्री श्रीमती इतिश्री-शैलेन्द्र न्याति को राजस्थान विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक प्राप्त होने एवं महामहिम राज्यपाल से सम्मानित होने पर।

वरुण सुपुत्र श्रीमती कल्पना-दीपक अजमेरा को CA Intermediate की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।

श्री जयन्त बाहेती नव संवत्सर विक्रम संवत् 2082 वर्ष प्रति पदा से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में विधाधर नगर भाग से सेवा प्रमुख सहायक दायित्व का निर्वहन कार्य मिलने पर।

जय राठी सुपुत्र श्रीमती सरिता-जितेश राठी को माहेश्वरी प्रोमिशिंग स्कॉलर अवार्ड प्राप्त होने पर।

श्री बाहेती की उपस्थिति में सूक्षेम आरोग्य विहार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास

सूक्षेम फाउंडेशन के ट्रस्टी और समाज उपाध्यक्ष (शिक्षण संस्थाएं) समाजसेवी श्री बजरंग लाल बाहेती ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध सालासर बालाजी मंदिर के निकटवर्ती कस्बे सुजानगढ़ में 250 करोड़ की लागत से 56 एकड़ में बन रहे 300 पलंग की क्षमता वाले सूक्षेम आरोग्य विहार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास दिनांक 15, अप्रैल, 2025 को सांगलिया धुना के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री ओमदस जी महाराज के परम सान्निध्य में केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार में नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री राजेंद्र राठौड़, स्थानीय विधायक श्री मनोज मेघवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ट्रस्ट के संरक्षक एवं ट्रस्टियों सहित गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

महिलाओं की भावनाएँ

आज का युग महिलाओं की समानता की बात करता है लेकिन जिस सामान्य दुनिया में हम रह रहे हैं, उसमें घर की महिलाओं से काम करने, खाना बनाने, बच्चों की देखभाल करने, कपड़े धोने और यह सूची कभी खत्म नहीं होती है, बिना किसी प्रशंसा के वह लगातार आगे बढ़ती रहती है और ज़्यादातर उनके प्रयासों को उनके साथी और परिवार के सदस्य अनदेखा कर देते हैं।

क्या आपने कभी सोचा है कि वह बिना किसी शिकायत के यह सब कितनी खूबसूरती से करती है, वह अपनी भावनाओं को दबाती रहती है और धीरे-धीरे खुद को खोने लगती है, निश्चित रूप से वह अपने पुराने दिनों को याद करती है लेकिन अपनी प्राथमिकता 'परिवार' को अनदेखा नहीं कर सकती।

सभी महिलाओं से मेरा यह कहना है, आप बहुत ही सक्षम हैं और आप यह कर सकती हैं, बस आगे बढ़ती रहें लेकिन खुद को गले लगाना न भूलें, मदद लें, अपने सपोर्ट सिस्टम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करें, सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने लिए निकालें, यात्रा करें, सीखें।

यह उम्मीद करना बंद करें कि वे बेहतर हो जाएँगी, क्यों न खुद से शुरुआत करें और खुद से प्यार करें। जैसा कि कहा जाता है कि हर सफल महिला के पीछे खुद महिलाएँ होती हैं, इसलिए चमकती रहें।

-सीमा राठी

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर

मानव कल्याणार्थ सर्व समाज हेतु

महेश बैकुंठ रथ

(मोक्ष वाहिनी)

की सेवाएँ संचालित हैं।

सम्पर्क सूत्र

97859-85000, 99502-69470, 96948-68177

।। श्री महेश्वराय नमः।।

"उत्सव"

श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com

यूनिट	विवरण	किराया राशि
	ब्लॉक ए	
I	भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित	27000/-
II	1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित	72000/-
III	एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष	36000/-
IV	एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष	36000/-
	अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे)	800/- प्रति रूम
	प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड)	2500/- प्रति रूम
	ब्लॉक बी	
V	300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित	23000/-
VI	11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर	27000/-
	अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे)	800/- प्रति रूम

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है।
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 3 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

विशेष :
- ★ यूनिट V (हॉल एवं भोजनकक्ष) की किराया दर रुपये 32800/- प्रतिदिन से अब कम करके रुपये 23000/- प्रतिदिन की गई है, लाभ उठावें।
- ★ भवन के सभी कमरों में कुल 186 बैड स्थापित है एवं 63 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।
- ★ सभी यूनिट्स का किराया रुपये 221000/- प्रतिदिन है। 18% अतिरिक्त देय है।

चैक इन टाइम – 12:00 PM
चैक आउट टाइम – 09:00 AM

संचालन समिति (सत्र 2022–2025)

केदार मल भाला
अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

मनोज मूंदड़ा
महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

विनोद कुमार तोतला – चेयरमैन
सुरेश कालानी – सचिव
घनश्याम भूतड़ा – वाईस चेयरमैन (वित्त)
रामसहाय मांधना – सह सचिव
सुनील बिहाणी – भवन मंत्री
विपिन तोतला – कोषाध्यक्ष

सदस्य : एम.डी. बांगड़, गिर्राज प्रसाद सोढ़ानी, श्रीगोपाल भूतड़ा, कृष्ण कुमार राठी

कृष्णधाम वृद्धाश्रम

दानदाताओं द्वारा सहयोग राशि :	लागत (₹)
1. **संरक्षक-Er. श्री ज्योति कुमार माहेश्वरी,** (नियमित मासिक सहयोगी) लगातार तीसरे वर्ष भी बाबत दूध, नगद	25,000
2. **सारडा जी (जयपुर)** (नियमित मासिक सहयोगी) गुप्तदान तेल- 2 टीन, घी- 1 टिन	14,000
3. **श्री वैभव सोमानी, श्री अनुज मूंदड़ा, श्री अभिषेक भूतड़ा एवं श्री लक्ष्मण पेडिवाल** (नियमित मासिक सहयोगी) चाय पत्ती+दालें	4,500
4. **मै. गणगौर बेसन (श्री आशीष मंत्री)** (नियमित मासिक सहयोगी) विविध राशन	4,000
5. **श्रीमती नम्रता मंगल (बनीपार्क)** (नियमित मासिक सहयोगी) विविध राशन	2,500
6. जोन-2 समाज सदस्य (होली गोठ)- राशन	4,500
7. श्री माहेश्वरी समाज (होली गोठ) राशन	4,000
8. डॉ. अवध बिहारी, डॉ. जयप्रकाश (रामजन्म महोत्सव) नगद	3,000
9. श्रीमती सुमन खटोड- नास्ता	2,500
10. श्री प्रणीत सर्राफ- विविध फल	2,500
11. मै. चांडक ब्रदर्स (श्री गिरिराज चांडक) चाय- 5kg	2,000
12. श्री रामनिवासी कछावा- चायपत्ती 5 किग्रा	2,000
13. गायत्री जी फलोड़- फल	1,500
14. श्री कपिल पेडिवाल- नास्ता सामग्री	1,500
15. श्री राजेन्द्र मालपानी- राशन	1,500
16. श्रीमती सरोज-श्री रमेश मणिहार (समाज संरक्षक)-फल	1,500
17. श्री मनोज-वीनू शर्मा- राशन सामग्री	1,300
18. Er. श्री किशोर कुमार पुरोहित	1,110
19. श्री रामअवतार कचोलिया- मिठाई	1,100

भोजन प्रसादी एवं नास्ता (आश्रमवासियों संग) :- श्री रामजी लाल कांडा, श्री गोपाल तिवाड़ी, ज्योति नर्सिंग होम, श्रीमती नंदिनी तिवाड़ी।

■ **Er. श्रीबल्लभ मारू**
(वरिष्ठजन आवास व कल्याण मंत्री) मो. 99833-11352

21वीं पुण्यतिथि (30 अप्रेल, 2025)

शकुन्तला एवं सुधा परवाल (सास-बहू)

शोकांजलि - समस्त परिवारजन

सौजन्य : **श्रीमती शकुन्तला देवी राधेश्याम परवाल फाउंडेशन**
श्रीमती सुधा परवाल स्मृति संस्थान
"परवाल विला", डी-62, वैशाली नगर, जयपुर-302021
संस्थापक अध्यक्ष : **राधेश्याम परवाल (मो. : 94140-61636, 93094-48981)**

अंटार्कटिका मैराथन - 2025

पीयूष ने अंटार्कटिका मैराथन में बनाया कीर्तिमान

कोलकाता के पर्यावरण प्रेमी पीयूष जाजू ने गत दिनों अंटार्कटिका मैराथन को सफलतापूर्वक पूरा कर कीर्तिमान बनाया है। बयालीस किलोमीटर लंबी यह मैराथन जाजू ने इसे 6 घंटे 25 मिनट में पूरा कर लिया। जबकि इसका निर्धारित समय 6 घंटे 30 मिनट था। पर्यावरण रक्षा एवं ग्लोबल वार्मिंग के प्रति जागरूकता का संदेश देने वाली अंटार्कटिका मैराथन बड़ी ही जोखिम भरी होती है। इसका आयोजन रनबुक द्वारा किया जाता है। मैराथन स्थल पर -20 डिग्री सेल्सियस का तापमान रहता है। यह आयोजन 700 मीटर की ऊंचाई पर होता है।

उल्लेखनीय है कि पीयूष प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी जयपुर निवासी स्व. जगन्नाथ जी जाजू के सुपौत्र हैं तथा औनर्जी सोलर कंपनी के संस्थापक हैं।

MPC GOLD CLUB द्वारा गौशाला भ्रमण का कार्यक्रम

क्लब अध्यक्ष श्री गोविंद मालपानी, सचिव श्री प्रवीण लढ्ढा, कोषाध्यक्ष श्री प्रवीण परवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत श्री कृष्णगोपाल गोशाला, मोहनपुरा में सभी क्लब मेंबर्स के द्वारा उनके परिवार जन माता-पिता, दादा-दादी, भाई-भाभी एवं बच्चों सहित गौमाता के लिए छप्पन भोग का आयोजन किया गया, जिसमें छप्पन प्रकार की चीजे जैसे सब्जियाँ, चारा, दाले, फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स, मिठाई इत्यादि का भोग लगाया गया। सभी उपस्थित जनों ने गायों के बाड़ों में जाकर चारा-खिचड़ा, फल-सब्जियाँ खिलाईं। वहीं पर भजन कीर्तन का आयोजन भी क्लब मेंबर्स द्वारा किया गया, जिसका सभी ने खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमति चारू दरगड़ ने बताया कि सभी आगंतुकों के लिए सुबह के नास्ते के साथ दोपहर के भोजन में दाल-बाटी-चूरमा की व्यवस्था की गई, जिसके स्वाद की सभी लोगों ने प्रशंसा की। इस सुंदर व्यवस्था के लिए श्री कमल जी सोमानी का विशेष सहयोग रहा।

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

जनोपयोगी भवन

"अभिनन्दन"

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड

वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020

सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883

Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM

अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन

द्वितीय तल (Unit-II) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

चतुर्थ तल (Unit-V) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

प्रथम तल (Unit-II) : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट)

तृतीय तल (Unit-IV) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

पंचम तल (Unit-VI) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

केदार मल भाला
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

मनोज मूंदड़ा
महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

संचालन समिति
(सत्र 2022-25)

शांति लाल जागेटिया
चेयरमैन

गिरिराज प्रसाद मोदानी
वाईस चेयरमैन (वित्त)

अशोक कुमार फलोड़
वाईस चेयरमैन (संचालन)

महेश कुमार साबू
सचिव

सुरेन्द्र कुमार मान्धना
सह सचिव

राधामोहन तोतला
भवन मंत्री

कैलाश चन्द्र परवाल
कोषाध्यक्ष

सदस्यगण : द्वारकादास सोढ़ानी, जुगलकिशोर साबू, राघव बिहानी, विनोद अजमेरा

नवदाम्पत्य वर-वधू को आशीर्वाद व मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएँ

दिनांक	वर	वर के पिता/माता	वधू	वधू के पिता/माता
23.03.2025	माधव	श्री दिनेश मंत्री	पाखी	श्री मुकेश बिड़ला
11.04.2025	आकाश	श्री सत्यनारायण मालानी	जयति	श्री अजय कुमार जी
14.04.2025	अभिषेक	श्री अशोक कुमार सोनी	रेणु	श्री रामावतार माहेश्वरी
15.04.2025	सत्यम	श्री राजेन्द्र कुमार काबरा	श्रेया	श्री सतीश कुमार जी

वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएँ

09.04.2025	श्रीमती बिमला देवी एवं श्री कल्याण सहाय बियानी	– स्वर्ण जयन्ती
09.04.2025	श्रीमती मिनाक्षी एवं श्री विकास बंग	– रजत जयन्ती
13.04.2025	श्रीमती गायत्री एवं श्री रामावतार माहेश्वरी	– 40वीं वर्षगांठ

महेश अस्पताल

महेश अस्पताल में सहयोग प्रदाताओं की सूची पिछले अंक में दी गई थी, इस माह में प्राप्त सहयोग राशि निम्नानुसार है–

सहयोगकर्त्ता

क्र.सं.	सहयोगकर्त्ता	सहयोग राशि
1.	स्व. श्रीमती रविन्द्री देवी भंवरलाल जी फोफलिया की पुण्य स्मृति में श्रीमती रेखा अनुराग जी माहेश्वरी द्वारा	40,000
2.	श्रीमती चन्द्रा-मदनगोपाल जी राठी	21,000
3.	श्री कृष्ण गोपाल जी राठी	21,000
4.	श्री राकेश जी धूत	16,000
5.	श्री श्रीनारायण जी मालपानी	7,000
6.	श्री अजीतमल झमकू देवी कचोलिया मेमोरियल ट्रस्ट	5,100
7.	श्री मयूर जी तोषनीवाल	5,100

पू.राज. प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण सम्पन्न

पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा एवं पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 30 मार्च 2025 को जयपुर के शैल्बी हॉस्पिटल मे करीब 150 माहेश्वरी बालिकाओं के कैंसर निवारणार्थ टीकाकरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। 6 लाख से कम आय वाले परिवारों की बालिकाओं को नि:शुल्क टीका लगाया गया। शेल्बी के डॉ. अंकुर मित्तल तथा डॉ. ममता मेहता ने विस्तार से कैंसर रोग से लड़ने की बारीकियों को बड़ी सरल भाषा में समझाया एवं उपस्थितजनों की शंकाओं का समाधान भी किया।

पू.राज.प्रा. माहेश्वरी सभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री जुगलकिशोर सोमाणी व प्रदेश मंत्री श्री राजकुमार धूत, पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश मंत्री श्रीमती सुनिता जैथलिया, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती उमा परवाल, सलाहकार श्री सत्यनारायण मोदानी के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

समाज बन्धुओं द्वारा अपने पुत्र-पुत्री के परिणयोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर आभार

सहयोगकर्त्ता	राशि
श्री ब्रह्म प्रकाश मून्दड़ा	21,000
श्री दिनेश मंत्री	11,000
श्री निर्मल दरगड़	11,000
श्री राजेश जैथलिया	7,100
श्री कल्याण सहाय बियानी	5,100
श्री अमित गट्टानी	5,100
श्री अरुण मान्धना	5,100
श्री सुनील असावा	5,100
श्री सुनील तोतला	5,100
श्री संजय झंवर	5,100
श्री पवन कचौलिया	3,100
श्री विकास बंग	2,100
श्री सत्यनारायण माहेश्वरी	2,100
श्री अशोक कुमार सोनी	2,100
श्री राजेन्द्र कुमार काबरा	2,100
श्री रामावतार माहेश्वरी	1,100
श्री रामावतार माहेश्वरी	1,100

देहदान संकल्प पत्र पर आभार

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के निम्न समाज बन्धुओं द्वारा मरणोपरान्त अपनी देह का दान शरीर रचना विभाग को करने हेतु संकल्प पत्र भरकर मानवता की सेवा में इनके इस योगदान हेतु इनको सादर साधुवाद देता है।

श्रीमती रेखा साबू
झोटवाड़ा

श्री मनमोहन साबू
निवारू रोड़, झोटवाड़ा

श्री शंकर लाल लढ्ढा
वैशाली नगर

श्रीमती सुधा लढ्ढा
वैशाली नगर

सादर वंदन एवं आभार

केदार मल भाला
अध्यक्ष

सुरेन्द्र बजाज
संयोजक-नेत्रदान देहदान प्रेरणा प्रकल्प समिति

मनोज मूंदड़ा
महामंत्री

आरोग्यम्

A NATUROPATHY CENTER

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से

सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, ऑव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।

उपचार सुविधाएँ

- गर्म ठण्डा सेंक
- मिट्टी पट्टी
- सर्वांग मिट्टी लेप
- कटि स्नान
- रीढ़ स्नान
- गर्मपाद स्नान
- भाप स्नान
- आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश
- एक्यूप्रेशर
- आहार चिकित्सा
- शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति
- फिजियोथैरेपी
- वैक्स बाथ
- चुम्बक चिकित्सा
- चादर लपेट

उपचार दरें

पंजीकरण (One Time)	₹ 100
परामर्श शुल्क (One Time)	₹ 100
दैनिक उपचार	₹ 300
साप्ताहिक उपचार	₹ 1300
पाक्षिक उपचार	₹ 2,500
मासिक उपचार	₹ 4,500
वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित)	₹ 25,000
आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान	₹ 400 +100
सर्वांग मालिश + भाप स्नान	₹ 400 +100
फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन)	₹ 100
फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [साप्ताहिक-6 दिन]	₹ 500

केदार मल भाला
अध्यक्ष

मनोज मूंदड़ा
महामंत्री

चन्द्रमोहन कासट
(संयोजक)
9314460785

सम्पर्क करें : डॉ. शेखर शर्मा (कन्सलटेन्ट)
योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

समय : प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)

किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय को प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। – **संपादक**

रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए

वर्ग पहेली-14

	1		2		3		4	
5		6			7			
8				9			10	
				11		12		
13			14		15			16
		17		18				
19	20		21			22	23	
	24				25			
26			27					

संकेत : बाएँ से दाएं

2. कमल (3)
4. निशाना ध्येय (2)
5. बेशक, परंतु, निसंदेह (4)
7. नृत्यांगना (3)
8. वियोग (3)
9. साँस का रोग (2)
10. किरन (2)
11. चिंतन, मंथन (3)
13. मान-मनौवल (4)
15. मुकुट (4)
17. तरंग (3)
19. चूहा (2)
21. अँग्रेजी साल का पाँचवाँ महीना (2)
22. साक्ष्य (3)
24. वगैरह, इसी प्रकार और भी (3)
25. वर्ष, साल (4)
26. प्रदेश प्रशासनिक इकाई (2)
27. स्वाद, जायका (3)

ऊपर से नीचे

1. औदुम्बर, बड़ जाति का एक पेड़ (3)
2. प्रभुत्व, सरकार (2)
3. प्रजा (2,3)
4. रेखा (3)
5. लगातार (4)
6. हर सूरत में जैसे भी (3,2)
9. साँस ताकत (2)
12. नरश्रेष्ठ (5)
14. दयावान (3,2)
16. रत्न-मणि (4)
18. बिलोवनी (2)
20. शुभकाल, मुहूर्त (3)
23. प्रेम, स्नेह (3)
25. सत्य का अनुयायी, सज्जन, महात्मा (2)

वर्ग पहेली 13 का हल

		1 चि	त					
		ते						
	2 क	रा	मा	3 त		4 भ	ला	
	लि			5 ल	ज	र		
6 डा	का			य		स		
		7 अ			8 चौ	क	9 स	
10 आ	ल	म					व	
ग		11 ल	12 ता	मं	गे	13 श	क	14 र
त			ल			र		खा
						15 भ	ति	

पिछले अंक में दी गई प्रविष्टियों में से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियाँ

1. कविर भंसाली सुपुत्र श्री रवि भंसाली (4 वर्ष)
2. निभीष सुपुत्र श्री अभिषेक माहेश्वरी (6 वर्ष)
3. ऋशान सुपुत्र श्री रवि भंसाली (7 वर्ष)

शिक्षक अभिभावक सम्मेलन में वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित

विद्यार्थियों द्वारा वर्ष पर्यन्त की गई अपनी मेहनत का प्रतिफल उन्हें परीक्षा परिणाम के रूप में प्राप्त होता है। सत्र 2024-25 के लिए कक्षा प्रथम से कक्षा 8वीं, 9वीं व 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा अलग-अलग कार्यदिवसों में PTM आयोजित करके की गई। जिसमें अभिभावकों के साथ आए विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति से उन्हें अवगत कराते हुए रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। विद्यार्थी अगली कक्षा में पदोन्नत होकर उत्साहित नजर आए।

आर्ट इंटिग्रेशन पर कार्यशाला का आयोजन

विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक वैद के मार्गदर्शन में 24 मार्च को 'आर्ट इंटिग्रेशन' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सत्र का नेतृत्व विषय विशेषज्ञ सुश्री मीनू मुंजाल ने किया। उन्होंने बताया कि विज्ञान, गणित, इतिहास और भाषाओं जैसे विभिन्न विषयों को पढ़ाने के लिए कला को एक अंत:विषय उपकरण के रूप में कैसे उपयोग किया जा सकता है। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों के सीखने के कौशल को समृद्ध करने के लिए एक अभिनव उपकरण के रूप में कला का उपयोग करने के महत्त्व को उजागर करना तथा शिक्षकों को शिक्षण प्रक्रिया में कला को शामिल करने के लिए प्रभावी रणनीतियों से सुसज्जित करना था।

योग सत्र का आयोजन

विद्यालय के राम भवन में 25 मार्च से 1 अप्रैल तक योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, सात्विक ऊर्जा बढ़ाने और तनाव कम करने की तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक द्वारा विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

'समय प्रबंधन' पर कार्यशाला

विद्यालय के शिक्षकों के लिए दिनचर्या को अनुकूलित करने और गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु 26 मार्च को समय प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नौकरी और घरेलू जीवन दोनों में समय प्रबंधन की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस संवादात्मक कार्यशाला में प्राचार्य श्री अशोक वैद ने उदाहरणों सहित बहुमूल्य जानकारियाँ साझा करते हुए बताया कि शिक्षक अपनी दिनचर्या को कैसे प्रभावी ढंग से व्यवस्थित कर शैक्षणिक जिम्मेदारियों को संतुलित करने के लिए अपने समय का प्रबंधन कर सकते हैं।

नवीन प्रवेशार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

लाहोटी सभागार में नवीन प्रवेशार्थियों के लिए 28 मार्च को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें विद्यालय की नियमावली से अवगत कराया गया। प्राचार्य श्री अशोक वैद ने इस सत्र में अभिभावकों को विद्यालय के उद्देश्य, संस्कृति और उपलब्धियों के बारे में बताया साथ ही विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने हेतु विद्यालय के विभिन्न भौतिक संसाधनों से भी परिचित कराया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन प्रवेशार्थियों का स्वागत करते हुए उनमें शैक्षणिक सफर की शुरुआत के लिए रुचि एवं आत्मविश्वास जाग्रत करना था। इस अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया तथा प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

होली उत्सव का आयोजन

लाहोटी सभागार में 12 मार्च को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रंगों का त्योहार होली बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद् सचिव श्री कमल किशोर साबू, भवन मंत्री श्री द्वारका दास नोवाल, विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य श्री महेश बाहेती ने शिक्षकवृंद का अभिनंदन किया और सभी को होली की बधाई दी।

शुभकामना संदेश में मानद् सचिव महोदय ने त्योहारों का सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक और मनोवैज्ञानिक महत्त्व बताते हुए कहा कि सभी पर्व हमारी संस्कृति के सजीव रूप हैं, जो देश की अखण्डता एवं सम्प्रभुता को स्थिर रखने के लिए हमें जागरूक रखते हैं। संस्कृति के नन्हें बच्चों को होली मनाने के उद्देश्य से अवगत कराते हुए भक्त प्रहलाद की पौराणिक कथा का विस्तार से वर्णन किया गया। बच्चों में रचनात्मकता विकसित करने के लिए लेवल के अनुसार होली से संबंधित आर्टवर्क भी करवाया गया। सभी बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी और आनंद के साथ यह उत्सव मनाया। प्राचार्य श्री अशोक वैद ने सभी को होली की शुभकामनाएँ दीं तथा जीवन में रंगों की प्रासंगिकता को शब्दों के माध्यम से साकार किया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की गायन प्रस्तुतियों ने वातावरण को संगीतमय बना दिया।

एम.पी.एस. संस्कृति

PTM का आयोजन

विद्यालय में 22 मार्च को PTM का आयोजन किया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर शिक्षक-अभिभावक आपस में विचार-विमर्श कर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व से जुड़ी बातों को एक-दूसरे से साझा करके उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करते हैं।

ग्रेजुएशन डे का आयोजन

सत्र 2024-25 के लेवल-3 के विद्यार्थियों के लिए 22 मार्च को ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों को ग्रेजुएशन कैप व डिग्री प्रदान की गई। अपने अभिभावकों के साथ आए सभी बच्चे अपने सहपाठियों और अध्यापिकाओं से मिलकर उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बच्चों को मधुर स्मृति के रूप में स्मृति चिह्न भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

होली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 13 मार्च, 2025 को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहरनगर में होली की पूर्व संध्या पर उल्लास से परिपूर्ण रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानद सचिव श्री सीए. अमित जी गट्टानी, विद्यालय प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्य श्री अमित जी सोनी ने अपनी गरिमामय उपस्थिति के साथ विद्यालय के शिक्षकवृंद को इस होली के पावन पर्व पर शुभकामनाएँ दीं कि उनका जीवन ऐसे ही उल्लासमय बना रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संगीत विभाग के शिक्षकगण ने होली के प्रासंगिक गीत प्रस्तुत किए जिनमें सभी शिक्षकगण व उपस्थित सम्मान्य प्रबुद्धजन निमग्न होकर झूमने लगे। इस मौके पर हास्य-व्यंग्य की पृष्ठभूमि पर आधारित काव्य-पाठ किया गया तथा सुगम संगीत प्रस्तुत करके वातावरण को आनंदमय व सरस बना दिया गया। मानद सचिव ने अपने मार्मिक उद्बोधन में आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसका औचित्य भी बताया कि होली का पर्व बहुआयामी है। इस दिन जनमानस से ऊँच-नीच, गरीब-अमीर जैसी विभाजक भावनाएँ विलुप्त हो जाती हैं। होली का त्योहार प्रेम और सद्भावना से जुड़ा त्योहार है जिसमें आध्यात्म का भी अनोखा रूप झलकता है। विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक वैद ने सभी शिक्षकगण को होली पर्व की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती सरिता अग्रवाल ने किया।

विद्यालय में कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों और अभिभावकों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम

दिनांक17 मार्च, 2025 को विद्यालय में कक्षा-1 का अनुस्थापन (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य अभिभावकों को स्कूल के पाठ्यक्रम, नीतियों और शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था।

इस अवसर पर सर्वप्रथम कक्षा प्रथम के नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों का स्वागत किया गया। विद्यालय के 'तक्षशिला' सभागार में प्राचार्य श्री अशोक वैद ने विद्यालय की रीति -नीति व नियमों की जानकारी दी तथा क्रमबद्ध तरीके से दिशा-निर्देश दिए जिससे कि सत्रभर किसी भी अभिभावक को किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्राचार्य महोदय ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पौष्टिक और संतुलित भोजन दिया जाना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि विद्यालय के साथ-साथ घर पर भी संस्कार, संस्कृति और अच्छी आदतों का बच्चों में समावेश हो।

प्राचार्य ने एक बच्चे की सर्वतोमुखी शैक्षिक यात्रा में विद्यालय और अभिभावक की साझेदारी के महत्व पर बल दिया। उन्होंने स्कूल के NEP-संरेखित पाठ्यक्रम पर आधारित पीपीटी के माध्यम से छात्रों के सीखने के अनुभवों को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए शैक्षणिक ढाँचे, मूल्यांकन-प्रारूप और सह-पाठयक्रम गतिविधियों की जानकारी दी, जो समग्र विकास, अनुभवात्मक शिक्षा और कौशल निर्माण पर केंद्रित है।

एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें माता-पिता को प्रश्न पूछने और अपनी अपेक्षाएँ साझा करने का मौका मिला।

इस कार्यक्रम से अभिभावकगण अतिप्रसन्न व संतुष्ट हुए व विद्यालय तथा कार्य-प्रणाली की मुक्त-कंठ से प्रशंसा की।

कक्षा -1 के विद्यार्थियों का स्वागत

दिनांक 2 अप्रेल, 2025 को विद्यालय ने कक्षा-1 के विद्यार्थियों का नए शैक्षणिक सत्र के लिए हर्षोल्लास और उत्साह से भरे एक विशेष समारोह में गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय में प्रवेश करते ही प्रधानाचार्य श्री अशोक वैद, उपप्रधानाचार्य श्री डी.डी. पाठक और शिक्षकों ने नन्हें विद्यार्थियों का माला पहनाकर स्वागत किया, जिससे उनकी रोमांचक शैक्षिक यात्रा की शुरुआत हुई। उनके माथे पर पारंपरिक तिलक लगाया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया गया।

उनके पहले दिन को यादगार बनाने के लिए सभागार में एक विशेष फिल्म दिखाई गई। विद्यार्थियों ने एक आकर्षक और शैक्षिक फिल्म का आनंद लिया, जिससे उन्हें अपने नए वातावरण में सहज महसूस करने में मदद मिली। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक गर्मजोशी और स्वागत करने वाला माहौल बनाना था, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि नन्हें विद्यार्थी अपने नए स्कूल में घर जैसा महसूस करें।

Financial Guidance Seminar for Teachers

21 मार्च, 2025 को विद्यालय में शिक्षकों के लिए 'वित्त एवं निवेश' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। Core Financial Service के संस्थापक श्री हेमन्त शर्मा ने सेमिनार में वित्त एवं निवेश के बारे में जानकारी दी। शिक्षकों ने निवेश से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछकर निवेश के सही उपयोग का मार्गदर्शन प्राप्त किया।

शिक्षक-अभिभावक मिलन समारोह

विद्यालय में Non Board कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें बहु संख्या में अभिभावकों ने पधारकर अपने संरक्षितों के शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी लेकर अंकतालिका प्राप्त की तथा शिक्षकों से आगामी कक्षाओं में अध्ययन हेतु विचार-विमर्श कर शिक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

Student Exchange Programme

22 मार्च को American Council of International Studies के द्वारा Student Exchange Programme का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता Emily Robbins व Carlotta Boldrini थे। दोनों विदेशी वक्ताओं का स्वागत-सत्कार भारतीय परम्परानुसार किया गया। विद्यालय में वर्ष-पर्यंत होने वाली सहशैक्षणिक गतिविधियों को PPT के माध्यम से दिखाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभ्यता व संस्कृति का आदान-प्रदान था।

फीडिंग द स्ट्रे कार्यक्रम

इंटरेक्ट क्लब के तत्वावधान में 'फीडिंग द स्ट्रे' कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा 9 व 11 की छात्राओं ने अपने घर के आसपास के घुमन्तू पशुओं के आहार व उनकी देखरेख की व्यवस्था की।

होली के रंग में रंगा विद्यालय

भारतीय संस्कृति के रंगीले त्योहार 'होली' की पूर्व संध्या पर विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय चैयरमेन श्री केदारमल जी भाला, महासचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहाणी, विद्यालय के मानद सचिव श्री घनश्याम जी कचौलिया, विद्यालय प्रबंधन समिति से सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीमती चंदा देवी जी भाला भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गीत, पैरोडी, चुटकुले आदि ने समा बाँध दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया।

कार्यशाला में सीखे गुर

सीखना एक अनवरत प्रक्रिया है, जो समयानुसार व्यक्ति की उन्नति के लिए अति आवश्यक है। इसी तथ्य के अनुसार विद्यालय के अध्यापक वृंद हेतु कम्प्यूटर से जुड़े तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने और नवीन शिक्षा नीति के अनुसार कार्यप्रपत्र के निर्माण हेतु CANVA व Magic School With AI के App पर कार्य करना सिखाया। यह कार्यशाला विद्यालय की अध्यापिका तरुणा अजमेरा व नीता कुंगवानी ने ली। इन दोनों कार्यशालाओं के माध्यम से अध्यापक वृंद ने अध्याय के अनुसार सीखने के प्रतिफल व प्रपत्र बनाए।

MENTOR के रूप में हुआ चयन

विद्यालय के लिए बहुत गौरवशाली विषय है कि विद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर को साबित करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. सुनीता वशिष्ठ सहित विद्यालय की अध्यापिकाओं-अमृता शर्मा, ज्योति विज, सनीता माहेश्वरी व तरुणा अजमेरा का चयन नेशनल मेंटर मिशन के तहत वर्षभर आयोजित कार्यशालाओं के आधार व साक्षात्कार के पश्चात् मेंटर के रूप में चयन हुआ। इसके तहत चयनित मेंटर, ऑनलाइन व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से सीबीएसई विद्यालयों में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों को NEP के तहत नवीन शिक्षण शैलियों और कक्षा प्रबंधन की तकनीकों को सिखाएँगी।

अभिभावकों के लिए आयोजित किया गया Orientation कार्यक्रम

किसी भी कार्य की शुरुआत से पूर्व उसके बारे में जानकारी और आपसी वार्ता, कार्य को समझने में सहूलियत प्रदान करती है। NEP के अनुसार भी अभिभावकों को विद्यालयी कार्यप्रणाली को समझना जरूरी है ताकि विद्यालय व अभिभावक दोनों आपसी सहयोग से विद्यार्थी की उन्नति के लिए कार्य कर सकें। इस हेतु विद्यालय में कक्षा-1 की छात्राओं के अभिभावकों हेतु Orientation कार्यक्रम का आयोजन 21 मार्च को विद्यालय सभागार 'कलानिधि' में किया गया। उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने विद्यालय की कार्यप्रणाली के बारे में बताया और यह उम्मीद जाहिर की कि अभिभावक इसे समझते हुए विद्यार्थियों की उन्नति हेतु विद्यालय को सहयोग करेंगे।

अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन

22 मार्च, 2025 को विद्यालय में नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थी अपने-अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय में उपस्थित हुए। विद्यालय में वर्ष-पर्यंत होने वाली गतिविधियों से अवगत कराते हुए प्रधानाचार्या ने छात्रों को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित दिशा-निर्देश दिए, साथ ही अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे विद्यालय से जुड़कर बच्चों में संस्कार, संस्कृति और अच्छी आदतों का समावेश करने हेतु प्रयासरत रहें।

अंतर-राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुखरित हुई आत्मविश्वास की भावना

दिनांक 8 मार्च, 2025 को विद्यालय में अंतर-राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मानद् सचिव सीए. गणेश बाँगड़ द्वारा शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया, जिसमें वर्तमान संदर्भ में विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता और वर्चस्व का उल्लेख करते हुए जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। प्रधानाचार्या श्रीमती रीटा भार्गव ने भी समस्त महिला स्टाफ को महिला दिवस की शुभकामनाएँ देकर उन्हें आनंदमय जीवन जीने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उनका मनोबल बढ़ाते हुए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे समस्त महिला-वर्ग में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

होली मिलन समारोह

12 मार्च, 2025 को विद्यालय में परस्पर सौहार्द्र एवं प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हास-परिहास और व्यंग्य की फुलझड़ियों के साथ नृत्य तथा संगीत से वातावरण आनंदमय हो गया। गुलाल का टीका लगाकर सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं। प्रधानाचार्या ने सभी को स्नेह तथा सकारात्मक ऊर्जा के साथ संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा समस्त स्टाफ के स्वास्थ्य, संपन्नता एवं खुशहाली की कामना की।

शैक्षणिक भ्रमण से सीखे आत्मनिर्भरता के गुण

विद्यार्थियों को भारत की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक स्थलों तथा प्राकृतिक सुषमा से परिचित कराने के लिए विद्यालय द्वारा मार्च, 2025 में कक्षा 6, 7, 8, 9 तथा 11 के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से उनमें स्वावलंबन, आपसी सहयोग व अनुशासन जैसे गुण विकसित हुए। कक्षा 7 के स्काउट छात्रों ने माउंट आबू में एडवेंचर कैंप के दौरान ट्रैकिंग, केविंग, पर्वतारोहण, घुड़सवारी, तीरंदाजी, निशानेबाजी, जिप-लाइनिंग जैसी रोमांचक गतिविधियों में साहस के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 6, 7 व 8 के विद्यार्थियों ने अमृतसर, चंडीगढ़, वाघा बॉर्डर, नैनीताल, जिमकॉर्बेट, नैना-मंदिर जैसे रमणीय स्थलों का भ्रमण किया। इसी क्रम में कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थियों ने धर्मशाला, डलहौजी व मनाली के नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण दर्शनीय स्थलों जैसे हिडिंबा माता मंदिर, सोलंग वैली, मॉल रोड आदि का भ्रमण किया। इस भ्रमण के माध्यम से उन्होंने अपनी सांस्कृतिक विरासत व पर्यावरण को संरक्षित रखने का प्रण लिया।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दूरदर्शन जयपुर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दूरदर्शन जयपुर में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डॉ. प्रीति बाहेती, डॉ. सुधा सक्सेना और डॉ. कीर्ति रावत ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्रा खुशी चौधरी ने सांस्कृतिक नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सहायक आचार्या डॉ. प्रीति बाहेती ने महिला सशक्तिकरण पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने CA इंटर परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता का परचम लहराया

महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय चतुर्थ सेमेस्टर के मेधावी छात्र हर्ष राठी एवं प्रतिभाशाली छात्रा चिना गोयल ने CA इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस सफलता पर महाविद्यालय परिवार गर्वित एवं हर्षित है और उन्हें भावी कॅरियर के लिए शुभकामनाएं देता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'विकसित भारत युवा संसद' कार्यक्रम का आयोजन

भारत सरकार द्वारा 'विकसित भारत युवा संसद' कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु जिला स्तरीय बैठक का आयोजन राजकीय महाविद्यालय, गांधीनगर, जयपुर में किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. कीर्ति रावत ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। बैठक के दौरान 'विकसित भारत युवा संसद' का पोस्टर विमोचन भी किया गया, जिससे इस कार्यक्रम के प्रति जागरूकता और उत्साह को बढ़ावा मिला।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका ने युवा संसद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका लक्षिता कुमावत ने जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रथम चरण में सफलता अर्जित की। इसके बाद, उन्होंने दूसरे चरण में भी प्रभावी सहभागिता दर्ज कराई। यह प्रतियोगिता जयपुर और दौसा जिले के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई थी, जिसमें लक्षिता ने अपने विचारों की स्पष्टता, तार्किकता और उत्कृष्ट अभिव्यक्ति कौशल से विशेष पहचान बनाई। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल महाविद्यालय, बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना की गरिमा को भी बढ़ाया।

'थीम असेंबली' का सफल और शानदार आयोजन

एम.पी.एस के प्रांगण में दिनांक 7 मार्च 2025 को प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों द्वारा 'थीम असेंबली' शीर्षक के अंतर्गत सक्रिय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने चार्ट एवं मॉडल द्वारा अपनी विषय वस्तु की व्याख्या कर अपने आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। शिक्षात्मक धरातल पर आधारित इस प्रदर्शनी में नुक्कड़ नाटक, नृत्य , सौर - परिवार और भगवान विष्णु के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। छोटे-छोटे उत्साहित नौनिहालों द्वारा किए गए शानदार प्रयासों की अभिभावकों एवं समस्त दर्शकों ने भरपूर प्रशंसा की।

रंगों-भरी होली

दिनांक 12 मार्च 2025 को एम.पी.एस संस्कृति में रंगों का पर्व होली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत की प्रेरणादायक शिक्षा के बाद बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य के साथ प्राकृतिक गुलाल द्वारा पर्व का आनंद उठाया। इस अवसर पर मानद् सचिव श्री श्याम सुंदर जी तोतला, विद्यालय प्रधान श्रीमती दलजीत कौर एवं सभी शिक्षकों ने भी पर्व का आनंद लेते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं।

परीक्षा परिणाम

एम.पी.एस. अजमेर रोड के परिसर में कक्षा एक से नौ, एवं कक्षा बारह का आज परीक्षा परिणाम अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को वितरित किया गया। अभिभावकों ने अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम देखकर शिक्षकों एवं विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की।

हर्षोल्लास के साथ मनाया फागोत्सव

विद्यालय में फागोत्सव का आयोजन किया। समारोह में विद्यालय सचिव श्री दीपक जी सारडा, भवन मंत्री श्री महेश जी चांड़क एवं एमएमसी मेंबर्स ने शामिल होकर पूरे विद्यालय परिवार को फागोत्सव की शुभकामनाएँ दीं। सभी ने शालीनता और सकारात्मक का परिचय देते हुए फूलों के साथ होली खेली। भवन मंत्री और प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने सभी को होली की बधाइयाँ देते हुए अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

विशेष उपलब्धि

गेट परीक्षा में प्राप्त की सफलता

विद्यालय के छात्र हर्षिल माहेश्वरी ने अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गेट परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया। छात्र की यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव की बात है जिसके लिए सचिव श्री दीपक जी सारडा, प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा सहित विद्यालय परिवार ने छात्र को बधाइयाँ प्रेषित कीं।

विशेष उपलब्धि

NSEB में उत्कृष्ट प्रदर्शन

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र, मुंबई द्वारा जीवविज्ञान राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSEB-2024) का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा चारूल विजय ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसके लिए छात्रा को राज्य टॉपर के रूप में योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

अभिविन्यास (ओरियन्टेशन) कार्यक्रम का आयोजन

विद्यालय में कक्षा प्रथम के अभिभावकों हेतु अभिविन्यास (ओरियन्टेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने अभिभावकों को सत्र 2025-26 की कार्यप्रणाली से अवगत करवाते हुए कक्षा प्रथम के पाठ्यक्रम, पुस्तकों, परीक्षा- प्रणाली व गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास, अनुशासन व अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है। विद्यालय सचिव श्री दीपक जी सारडा ने कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर भी पूर्ण ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियों में अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना ही विद्यालय का मुख्य ध्येय है।

"Nothing is Forever in This World, Even Our Problems."

-Er. Deepak Sharda
School Secretary

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 8 मार्च, 2025 को नारी शक्ति का आह्वान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। माँ वीणापाणि के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। विद्यालय के संगीत विभाग ने अपने सुरों के माध्यम से स्त्री की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर कविता एवं उद्बोधन के माध्यम से शिक्षित व सभ्य समाज के निर्माण में महिलाओं की सशक्त व सकारात्मक भूमिका को प्रकाशित किया गया।

फागोत्सव-2025

दिनांक 12 मार्च, 2025 को होली के शुभावसर पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। संगीत विभाग ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी तथा शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य को देखकर सभी का मन मयूर नाच उठा। मानद् सचिव श्री अशोक कुमार मालू तथा मैनेजिंग कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा चंग व ढोल की थाप पर प्रस्तुत पारंपरिक फाग के गीतों को सुनकर सभी उल्लासित होकर थिरक उठे। सभी ने एक-दूसरे को रंग-बिरंगा गुलाल लगाया तथा जीवन में खुशियों के आने की मंगल कामना की। इस अवसर पर मानद् सचिव श्री अशोक कुमार मालू, भवन मंत्री श्री श्याम सुंदर जाजू, मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों ने सभी को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएँ दी।

नवीन सत्र का आरंभ

दिनांक 2 अप्रैल, 2025 को विद्यालय के नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 का आरंभ हुआ। नवीन सत्रारंभ के प्रथम दिवस पर बुद्धि प्रदाता श्री गणेश तथा विद्यादायिनी वीणापाणि माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा मंत्रोच्चार कर उनका आशीर्वाद लिया। पूर्व प्राथमिक विभाग संस्कृति तथा कक्षा 1 के नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें उपहार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

ORIENTATION कार्यक्रम

दिनांक 22 मार्च 2025 को विद्यालय में कक्षा एक में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ORIENTATION कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र के दौरान कक्षा एक के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के अभिभावकों को विद्यालय के नियमों, नीतियों, शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यालय की आधारभूत संरचना आदि से परिचित करवाया गया। अभिभावकों ने शिक्षकों से साझा वार्ता कर कार्यक्रम में सकारात्मक भूमिका निभाई तथा अपनी शंकाओ का समाधान पाया।

माननीय,

आप के सहयोग और सभी अग्रजो के आशीर्वाद से संस्कृति, जगतपुरा में जुलाई 2022 में दाखिल हुए पहले 7 बच्चों ने मार्च 2025 में सफलतापूर्वक अपनी शिक्षा पूर्ण की। **सभी अभिभावकों और आपके स्नेह और विश्वास के लिये आभार और धन्यवाद।** इसी के फलस्वरूप आज संस्कृति जगतपुरा 200 से अधिक बच्चों के साथ इस क्षेत्र का सबसे अग्रणीय प्री-प्राइमरी विद्यालय है। आपके सुझाव mpssanskritijp@gmail.com पर सादर आमंत्रित हैं।

– सीए. रोहित (माहेश्वरी) परवाल, मानद सचिव

MPS SANSKRITI : LEARNING - VALUES - CREATIVITY

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

एमपीएस संस्कृति, बनीपार्क ✆ 0141-2203340, 2203341, 7414020004

mps Sanskriti® Pre Primary School

अरुण कुमार मालू (सचिव) 9829017200

वैभव सोमानी (भवन मंत्री) 9414070117

डॉ. भावना भाटिया (प्रधानाध्यापिका) 9610896269

स्मृतिशेष स्वजनों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन

विगत दिनों समाज के कुछ बंधु/बहनों का परलोकगमन हो गया। समाज अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से उनके शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएँ प्रेषित हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

श्रीमती विमला देवी होलानी
18.03.2025

श्री के.आर. चांडक
19.03.2025

श्रीमती सावित्री सिंगी
20.03.2025

श्रीमती मनफूल देवी मूंदड़ा
20.03.2025

श्रीमती आशा डागा
20.03.2025

श्रीमती चांद देवी बिड़ला
01.04.2025

श्री प्रहलाद चितलांगिया
03.04.2025

श्री नवल किशोर काहल्या
04.04.2025

श्रीमती सुशीला देवी बाहेती
08.04.2025

श्री दिनेश डांगरा
09.04.2025

श्रीमती सरस्वती देवी काबरा
12.04.2025

श्री कमल किशोर बाहेती
15.04.2025

विद्युत चालित एवं पारदर्शी ''जागृति अन्तिम दर्शनिका''

अन्तिम संस्कार में देरी की संभावना हो तो, मृत शरीर को ज्यों का त्यों बिना बर्फ आदि के कई दिनों तक 'जागृति अन्तिम दर्शनिका' में अन्तिम दर्शन हेतु यथा स्थिति में आपके घर पर ही रखा जा सकता है। मृत शरीर के डीकम्पोज होने व इससे होने वाले संक्रमण से परिवार व मित्र बच पाते हैं। यह सुविधा 24 घण्टे पूर्ण रूप से निःशुल्क उपलब्ध है।

सम्पर्क सूत्र :- जयकृष्ण जाजू-98290 53031, सुदर्शन फोमरा-93140 36672, आनन्द दम्मानी-93145 00979

गणगौर सेवा केन्द्र

★ मेडिकल पलंग ★ व्हील चेयर ★ ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर ★ यूरिन पॉट ★ टॉयलेट पॉट ★ टॉयलेट चेयर ★ वाकर ★ स्टिक ★ बैसाखी ★ बैक रेस्ट ★ वॉटर बेड ★ एयर बेड

मानव सेवार्थ निःशुल्क (सामान्य अमानती राशि पूर्णतः वापसी योग्य) उपलब्ध

प्रातः 8:00 से 11:00 बजे तक
"गणगौर हाउस", फ्लैट नं. 166, सेक्टर - 2, गणेश पार्क के पास, 'जागृति' माहेश्वरी जनसहयोगी भवन के पीछे, विद्याधर नगर, जयपुर।
☎ 0141-2235363
+91-9314242432, +91-9024088439

प्रातः 8:00 से रात्रि 8:00 बजे तक
बंजो फूड इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं. G-458C, प्रिया धर्मकांटे के पीछे, जिला होटल वाली गली, रोड नं. 12, विश्वकर्मा, जयपुर।
☎ 0141-4015444
+91-9309485200

KAMAL DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTRE
KDRC
JAIPUR

Estt since 2011

कमल डाइग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर

O-5, हॉस्पिटल मार्ग, एस.एम.एस. हॉस्पिटल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001

(M): 93140 24888 Ph.: 0141- 2374777, 4039727 E-mail: kdrc2374777@gmail.com

सुविधाएँ

- M.R.I.
- C.T. SCAN
- सोनोग्राफी (3D/4D)

- कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्सरे
- ईको
- ई.सी.जी.
- ई.ई.जी
- सी.टी.एम.टी.
- एन.सी.वी.
- बायोप्सी
- एफ.एन.ए.सी.
- ऑडियोमेट्री

एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध

सभी प्रकार के बायोकेमिकल, हेमटोलोजिकल लेबोरेटरी टेस्ट की सुविधाएँ।

निर्मल मूंदड़ा - 98290-50202

Ray-Ban ELLE VOGUE LACOSTE TOMMY HILFIGER ESPRIT

Mukesh Baheti
+91 98290 48022

UP TO DISCOUNT FOR MAHESHWARIS ONLY 30%*

Baheti Optician

WHOLESALE DEALERS IN ALL KIND OF OPTICAL FRAMES & GLASSES & GOGGLE

A-13, Mall Road, Sector-1, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-13
9929076022

Shri PARASRAM Holdings Pvt. Ltd.

ANAND AJMERA
9828111112
9828019221

Shri Parasram Holdings Pvt. Ltd.

Corp. Member : NSE (CASH & FO), BSE, MCX, NCDX, DP - NSDL, CDSL

SDC Classic, G-1, Plot No. H-34, Tagore Path, Behind K.P. Automotives
Jaisingh Highway, Bani Park, JAIPUR-302016 (Raj.)
Tel. : 0141-4922271, 2207774 • Trading : 0141-4025858 Back Off
E-mail : zeesab1@hotmail.com

MITSUBISHI ELECTRIC
Changes for the Better

Mitsubishi Electric Quality

eco Changes
for a greener tomorrow

Raj Engineers

Vikas Kumar Maheshwari

Preferred Sales & Service Dealer For
Mistsubishi Electric India Pvt. Ltd.

Contact for Sale, Service, Repair, Installation of AC

502-A, Vth Floor, Gordhan Sky Mall, Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur-12
Mobile : 9828269798, 8079071116 • email : rajengjaipur@gmail.com

---

Shree Krishna Group

जय श्री कृष्णा प्रोपर्टीज एण्ड बिल्डर्स

Reg. No.-SCA/2016/14/993369

- डुप्लेक्स/विला/फ्लेट
- खाली भूखण्ड/रेन्टल इन्कम प्रोपर्टीज
- व्यवसायिक/औद्योगिक भूखण्ड क्रय-विक्रय हेतु
- शॉर्ट टाईम व लॉंग टाईम इन्वेस्टमेंट

बिल्डिंग मेटेरियल सामान सहित भवन निर्माण हेतु

भवानी माहेश्वरी (छापरवाल) 9314651206

H.O. श्री श्याम मन्दिर के पास, रोड़ नं. 5 के सामने, मुरलीपुरा, सीकर रोड़, जयपुर
B.O. गाँधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर 8766111100
skgroup.jaipur@gmail.com www.shreekrishnagroupindia.com

Deepak Bhandari
+91-9829051091
+91-9460951091

WE CREATE MEMORIES
Satkaar Event & Decorators
Satkaar Caterers

Your Trust & Safety is Our Responsibility

Rahul Jajoo
+91-9828112085

Wedding Planner & Event Management (Sangeet, Birthday Parties, Get Togethers)
Outdoor Food Catering, Online Sweets & Food Service's

Off. Add. :- 1156, Nirwan Marg, Jhotwara Road, Jaipur
Workshop Add. :- 34, Bansi Vihar, Gurjar Ki Thadi, Jaipur

Place Your Order (Before One Day): Paytm 9024643576 or Cash on Delivery

Web. : www.satkaarevents.com

EXIDE
Authorised Distributor
HARI OM BATTERY
HIND MOTORS
(SINCE 1965)

DEALS IN

HEMANT MACHHAR 99287-89449
HARI KISHAN MACHHAR 94140-73249

OPP. AGARWAL COLLEGE, AGRA ROAD, JAIPUR 302004

EXIDE DEALERS

EXIDE BATTERY - TWO WHEELER, FOUR WHEELER & HEAVY VEHICLES
EXIDE INVERTORS & INVERTOR BATTERY • UPS BATTERY & SMF BATTERY

पर्ण Sudha

पर्ण Sudha
पार्टी की शान, पर्ण सुधा पान

Paan Anytime
Choclate paan
Fruit Paan
Seed Paan
Arid (Dry) Paan
(70-75 Days Shelf life)

Delivery anywhere in Jaipur
Scan to Know more

100% Natural Paan Anytime
ना चूना, ना कत्था, ना सुपारी, No-पीक पान
A guilt free dessert for your sweet tooth

Anuradha Mandhana
9351623232

A initiative by women entrepreneurs

Shivani Chittlangiya
8290001155

www.parnsudha.in

Get-together, functions, wedding & party orders are accepted. Customized outstation packing is available.

Venture Partner
SEJAL'S café & more

Outlet at Vaishali Nagar (Behind National Handloom)
Mitesh Mandhana 9829066626

ANGEL RESORT
& AMUSEMENT WATER PARK
(Managed by Orange Hospitality)

SPLASH INTO SUMMER FUN!

GHP GROUP
VISION TO REALITY
Construction | Education | Hospitality

@angelresortjaipur
Angel Resort, Eden Garden, Jaipur

Eden Garden, 20th Milestone, Rajawas,
Sikar Road, Jaipur 302013

7340019741
9119155556

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

का

नवीन प्रकल्प

Anandam

जनोपयोगी भवन

बी-173-174,
जगदम्बा नगर,
वैशाली नगर, जयपुर

भवन का लोकार्पण अतिशीघ्र प्रस्तावित

विशेष सूचना

सदस्यता : 'आनन्दम्' श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी भवन, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर के निर्माण का कार्य अन्तिम चरण में है। समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली जा रही है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार है:

क्रस	सदस्यता श्रेणी	सहयोग राशि
(i)	आजीवन सदस्य	11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि
(ii)	अतिविशिष्ट सदस्य	5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम
(iii)	विशिष्ट सदस्य	3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम
(iv)	प्रमुख सदस्य	1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम
(v)	साधारण सदस्य	11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या **2111000000000501**, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

केदार मल भाला
अध्यक्ष

मनोज मूंदड़ा
महामंत्री

संजय माहेश्वरी
उपाध्यक्ष (समाज)

पवन बजाज
उपाध्यक्ष (अर्थ)

सुशील जाजू
कोषाध्यक्ष (समाज)

रविन्द्र झंवर
अर्थमंत्री

श्याम लाल मालपानी
भवन मंत्री (समाज)

भवन निर्माण समिति

विष्णु लद्दा (वैशाली नगर)
चेयरमैन (निर्माण)

राधेश्याम काबरा
चेयरमैन (वित्त)

हरीश मालू
सचिव (निर्माण)

हरीश भराड़िया
सचिव (वित्त)

विकास मोहता (चित्रकूट)
समन्वयक (भवन)

9692 000 111

PRONTO

टिन शेड का
बाप



जब प्रोन्टो लगे टिन शेड के बजट में
तो टिन क्यों लगायें?

*Conditions apply

टिन शीट से कहीं ज्यादा मजबूत, तापरोधी, लॉंग लाइफ: प्रोन्टो है हर मायने में टिन शेड का बाप!

प्रोन्टो पेनल्स में मेटल की दो शीट्स के बीच सैंडविच है, ठोस इंसुलेशन मटेरियल, जो देता है प्रोन्टो को जबरदस्त मजबूती। प्रोन्टो की इसी मजबूती के कारण इसको लगाने में टिन शीट के मुकाबले कम स्ट्रक्चरल सपोर्ट / लोहे की जरुरत होती है। जिससे स्ट्रक्चर की कुल लागत में 20 से 30 प्रतिशत की सीधी बचत होती है। प्रोन्टो से करें निर्माण लगभग टिन शेड की लागत में।

अधिक जानकारी के लिए वीडियो देखें (हिंदी में)

- WhatsApp पर वीडियो मंगवाने के लिए 9672801555 पर "DEMO" मैसेज करें
- या www.prontopanels.com/demo पर वीडियो देखें
- या 9672 802 555 पर कॉल करें

स्कैन करें

टिन शेड का कोई भी कारीगर हूबहू टिन की तरह ही प्रोन्टो शीट लगा सकता है

S JEE

PRONTO

स्वत्त्वाधिकारी श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक- मुद्रक मनोज मूंदड़ा, महामंत्री द्वारा रेनबो प्रिन्टर्स, जयपुर से मुद्रित एवं श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003 से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक- आशीष सोमानी, सम्पादक- संजय बियानी